दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 181

पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

जयपुर, सोमवार, 10 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विसं 2081



# लगातार तीसरी बार मोदी की ताजपोशी

एजेंसी | नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के बाद नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी सफेद कुर्ता पायजामा और नीले रंग की जैकेट पहनकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे। समारोह में पहुंचकर उन्होंने झुककर सभी सांसदों और मेहमानों को नमस्ते किया। प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के लिए जैसे ही नरेंद्र मोदी उठे, मोदी-मोदी के नारों से पूरा समारोह स्थल गूंज उठा।

इधर मोदी पीएम की शपथ ले रहे थे और उधर मोदी-मोदी के नारे लग रहे थे। शपथ लेने के बाद पीएम मोदी ने हस्ताक्षर किए और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को धन्यवाद दिया। इसके बाद पीएम मोदी अपनी सीट पर जाकर बैठ गए। मोदी के साथ-साथ 71 सांसदों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, एस. जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, एचडी कुमार स्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह और सर्वानंद सोनोवाल ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। इन 71 मंत्रियों में से 30 से कैबिनेट मंत्री, 5 स्वतंत्र प्रभार वाले और 36 ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली है। इनमें 27 ओबीसी से हैं जबकि 10 एससी वर्ग से आते हैं। इसके साथ-साथ मोदी कैबिनेट में 18 सीनियर नेताओं को भी जगह दी गई है।

दो पूर्व सीएम को भी मोदी सरकार में शामिल किया गया है। इसके साथ-साथ एनडीए सहयोगी दलों के कई सीनियर नेताओं को भी मंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हुए। इसके अलावा भारत के पड़ोसी देशों के नेता भी शामिल हुए। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने समारोह में हिस्सा लिया।

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

- राव इंद्रजीत सिंह
- जितेंद्र सिंह
- अर्जुन राम मेघवाल
- प्रतापराव गणपतराव जाधव
- जयंत चौधरी

## राज्य मंत्री

- जितिन प्रसाद
- श्रीपद यशो नाइक
- पंकज चौधरी
- कृष्णपाल गुर्जर
- रामदास अठावले
- रामनाथ ठाकुर
- नित्यानंद राय
- अनुप्रिया पटेल
- वी सोमन्ना
- चंद्रशेखर पेम्मासानी
- एसपी सिंह बघेल
- शोभा करांदलाजे
- कीर्तिवर्धन सिंह
- बीएल वर्मा
- शांतनु ठाकुर
- सुरेश गोपी
- एल मुरगन
- अजय टमटा
- बंदी संजय
- कमलेश पासवान
- भागीरथ चौधरी
- सतीश दुबे
- संजय सेठ
- रवनीत सिंह बिट्टू
- दुर्गादास सुइके
- रक्षा खडसे
- सुकांता मजूमदार
- सावित्री ठाकुर
- तोखन साहू
- राजभूषण चौधरी
- श्रीपति वर्मा/ श्रीनिवास वर्मा नरसापुरम
- हर्ष मल्होत्रा
- निमुबेन बंभानिया
- मुरलीधर मोहोल
- जॉर्ज कुरियन
- पबित्रा मार्गेरिटा

## कैबिनेट मंत्री



राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, एचडी कुमारस्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, सर्वानंद सोनोवाल, वीरेंद्र कुमार, के राममोहन नायडू, प्रह्लाद जोशी, जुआल ओरा, गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत, अन्नपूर्णा देवी, किरेन रिजिजू, हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मांडविया, जी किशन रेड्डी, चिराग पासवान, सीआर पाटिल

## सीआर पाटिल: कांस्टेबल से मंत्री बनने तक का सफर



गुजरात के नवसारी सीट से 7.77 लाख वोटों से जीतकर आए सीआर पाटिल भी मोदी कैबिनेट में शामिल हो गए। मोदी के करीबी नेताओं में गिने जाने वाले सीआर पाटिल ने आईटीआई करने के बाद गुजरात पुलिस बल में कांस्टेबल की नौकरी भी की थी। 1984 में नौकरी छोड़ खुद का बिजनेस शुरू किया। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हो गए। 1989 में भाजपा में शामिल हुए। 2009 के चुनाव से पहली बार नवसारी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और एक लाख वोटों से जीते। इसके बाद 2014, 2019 और 2024 के चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से बंपर जीत हासिल की।

## सुरेश गोपी: अभिनेता से नेता, अब बने मंत्री



अभिनेता से नेता बने केरल की त्रिशूर सीट से भाजपा सांसद सुरेश गोपी को भी मोदी सरकार में मंत्री बनाया गया है। सुरेश गोपी ने केरल में भाजपा का खाता खोला है। सुरेश गोपी का जन्म केरल के अलप्पुझा में 26 जून 1958 को हुआ था। उनकी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई कोल्लम से हुई।

## निमुबेन बंभानिया: टीचर... मेयर और अब बनीं मंत्री



गुजरात के भावनगर लोकसभा सीट से 4.55 लाख वोटों से जीतकर संसद पहुंचीं निमुबेन बंभानिया को भी मोदी के मंत्रिमंडल में जगह मिलीं। वे पेशे से टीचर रही हैं और साथ में सामाजिक कार्यकर्ता भी। 8 सितंबर, 1966 को जन्मी निमुबेन बाभंणिया ने गणित व विज्ञान विषयों से बीएससी और बीएड किया है। निमुबेन के पति का नाम जयंतीभाई बाभंणिया है। पहली बार मेयर चुने जाने के बाद निमुबेन ने सरकारी वाहनों के इस्तेमाल के खिलाफ फैसला किया था। निमुबेन 2009 से 2010 और 2015 से 2018 तक भावनगर की मेयर रहीं।

## कैबिनेट में राजस्थान के चार मंत्री

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई कैबिनेट में राजस्थान का कद बढ़ गया है। मोदी के मंत्रिमंडल में इस बार प्रदेश को 4 मंत्री मिले हैं। इसमें 2 कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार और एक राज्य मंत्री हैं। राजस्थान से जिन 4 सांसदों को मंत्री बनने का मौका मिला, उसमें दो ओबीसी, एक दलित और एक सामान्य वर्ग से हैं। भूपेंद्र यादव और भागीरथ चौधरी ओबीसी वर्ग से आते हैं। भागीरथ जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। अर्जुनराम मेघवाल दलित और गजेंद्र सिंह शेखावत राजपूत समाज से आते हैं। जोधपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने वाले बीजेपी के दिग्गज नेता गजेंद्र सिंह शेखावत ने तीसरी बार कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली है।

छात्र राजनीति से कॅरिअर शुरू करने वाले शेखावत तीसरी बार मोदी सरकार में मंत्री बनाए गए हैं। मोदी 3.0 में बीकानेर से चौथी बार सांसद चुने गए दलित नेता अर्जुन राम मेघवाल ने भी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली है। वे बीकानेर सीट से लगातार साल 2009 से चुनाव जीतते आ रहे हैं। कानून एवं न्याय मंत्री का पद संभाल चुके अर्जुन राम मेघवाल ने आईएएस की नौकरी के बाद राजनीति का रास्ता चुना था। अलवर से सांसद भूपेंद्र यादव मोदी कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। वे मोदी सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। वे लंबे समय से केंद्रीय राजनीति में सक्रिय हैं। बीजेपी उन्हें राज्यसभा के जरिए संसद भेजती रही है। इस बार उन्हें लोकसभा चुनाव में उतारा गया। यादव को मोदी और शाह का करीबी भी माना जाता है। उन्हें संघ का भी समर्थन हासिल रहा है। अजमेर से नवनिर्वाचित भागीरथ चौधरी ने राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली। चौधरी पहली बार केंद्रीय मंत्री बने हैं।



गजेंद्र सिंह शेखावत



भूपेंद्र यादव



अर्जुनराम मेघवाल



भागीरथ चौधरी

## रामनाथ ठाकुर: पिता नहीं चाहते थे राजनीति में आए बेटा



राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को भी मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। बिहार की राजनीति में ठाकुर एक जाना-पहचाना नाम है और वह नीतीश कुमार के खासा करीबी भी माने जाते हैं। रामनाथ बिहार के पूर्व सीएम और भारत रत्न से सम्मानित कर्पूरी ठाकुर के बेटे हैं। बताया जाता है कि कर्पूरी ठाकुर जब तक राजनीति में रहें, उन्होंने अपने बेटे को राजनीति से दूर रखा। वह नहीं चाहते थे कि बेटा नेता बने। मोदी मंत्रिमंडल में रामनाथ ठाकुर ने राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली है।

## कमलेश पासवान: पिता भी राजनीति में थे... रैली में हो गई थी हत्या



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बांसगांव लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कमलेश पासवान को भी मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में जगह दी है। कमलेश 2009 से लगातार जीतते आ रहे हैं। कमलेश पासवान के पिता ओम प्रकाश पासवान भी राजनीति में थे, उन्हें एक रैली को संबोधित करने के दौरान मार दिया गया था। कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान भी सांसद रह चुकी हैं। कमलेश पासवान के छोटे भाई विमलेश पासवान भी बांसगांव सीट से भाजपा के दूसरी बार विधायक हैं।

## राम मोहन नायडू: सबसे कम उम्र के मंत्री

TDP के सांसद किंजरापू राम मोहन नायडू मोदी कैबिनेट में सबसे कम उम्र के मंत्री बने हैं। 36 वर्षीय राम मोहन नायडू आंध्र प्रदेश की श्रीकाकुलम सीट से तीसरी बार सांसद चुने गए। राम मोहन नायडू टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू के बेहद खास माने जाते हैं। उनको राजनीति विरासत में मिली है। राम मोहन के पिता येरन नायडू भी टीडीपी के बड़े नेताओं में शुमार रहे थे।



## भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हराया

**न्यूयॉर्क**। यहां नसाउ इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय गेंदबाजों ने करिश्माई प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया को पाकिस्तान पर 6 रन से जीत दिला दी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी रोहित सेना सिर्फ 119 रन ही बना सकी थी। इसके जवाब में पाकिस्तान का स्कोर एक समय 13वें ओवर में दो विकेट पर 73 रन हो गया था।

इसके बावजूद भारतीय गेंदबाजों ने बाजी पलट दी और पाक टीम को सिर्फ 113 रन पर समेट दिया। बुमराह ने 3 और हार्दिक ने दो विकेट झटके।

जरूरी खबर

## पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से होगा विकास



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार शाम को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। मिश्र ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के तहत भारत उनके नेतृत्व में चहुंमुखी विकास की राहों पर तीव्र गति से अग्रसर होगा। उन्होंने पीएम मोदी के लिए स्वस्तिकामना करते हुए शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रिमंडल सदस्यों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

## जैन मंदिरों में आज मनेगा धर्मनाथ का मोक्ष कल्याणक

**जयपुर।** जैन धर्म के 15वें तीर्थंकर भगवान धर्मनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव सोमवार को भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होगें। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार सुबह धर्मनाथ भगवान के जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक किए जाएंगे। इसके बाद विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ शांति धारा की जाएगी। अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए निर्वाणोत्सव मनाया जाएगा। इसमें निर्वाण काण्ड भाषा के वाचन के बाद निर्वाण लाडू चढाया जाएगा।

## साठ लाख रुपए से बनी सड़क कुछ घंटों में ही उखड़ी



**जयपुर।** कुचामन पंचायत समिति के जिलिया निकटवर्ती ग्राम पंचायत रसाल से श्रवणपुरा कुचामने व बाइपास को खाने वाली ग्रेवल सड़क पर नवनिर्मित डामर सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री काम में लेने का आरोप लगाया है। करीब 60 लाख रुपए के बजट से बनने वाली सड़क कुछ ही घंटों के बाद बिखर गई। अशोक जांगिड़ एक्सईएन पीडब्लूडी ने कहा कि वहां पर कोई नाला निर्माण किया हुआ था जेईएन साहब ने मौका मुआयना किया है।

### जयपुर में प्रदेश भाजपा कार्यालय पर बड़ी स्क्रीन लगाई गई, आतिशबाजी से माहौल हुआ उत्सवी

# मोदी के शपथ ग्रहण का प्रदेशभर में उल्लास, मनाया जश्न



**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रपति भवन में एक ओर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ले रहे थे, वहीं दूसरी ओर देशभर में आतिशबाजी, जश्न और उत्सव का माहौल देखने को मिला। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाचते-गाते और झूमते हुए मोदी के प्रधानमंत्री बनने की खुशी व्यक्त की। भाजपा कार्यालय में बडी स्क्रीन लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह को लाइव प्रसारण किया गया।

मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर भाजपा कार्यालय रंगीन रोशनी से सजाया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देश के आमजन में एक अलग ही उत्साह और उमंग का माहौल दिखा।

नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर भाजपा के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा सहित तमाम प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर एक दूसरे का बधाई दी। मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यालय मोदी-मोदी के नारों से गूंजायमान हो गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, भाजपा प्रवक्ता केके जानू, भाजपा पैनेलिस्ट सुरेश गर्ग, मदन प्रजापत, विकास बारेठ, सुमित श्रीमाल, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ, भाजयुमो जयपुर शहर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरूवंशी, नमो एप प्रदेश सह संयोजक सुनील पाराशर, सहित पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अन्य जिलों में भी छाई खुशी की लहर

केंद्र में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने का प्रदेशभर में उल्लास नजर आया। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य अतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। इस दौरान मोदी-मोदी के नारों से माहौल गूंजता रहा। जोधपुर में भाजपाइयों ने एक-दूसरे का मुंह भी मिठा कराया और पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की। वहीं भूपेंद्र यादव के कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने के बाद अलवर बीजेपी कार्यालय में कार्यकर्ता और नेताओं ने खुशी जाहिर की। अलवर में बीजेपी कार्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शपथ ग्रहण लाइव देखा। जैसलमेर में भी भाजपाइयों ने गोपा चौक में एलईडी स्क्रीन लगाकर शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण दिखाया गया। अजमेर के फव्वारा सर्किल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

### CM भजनलाल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में कहा...

# दूर-दराज व दुर्गम क्षेत्रों के लिए रणनीति बनाकर पूरे करेंगे कार्य

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए प्रतिदिन के कार्यों का निर्धारण करते हुए अधिक से अधिक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने की गति को बढ़ाया जाए ताकि राजस्थान जल जीवन मिशन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सके। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जल जीवन मिशन में अनियमितता हुई। जिससे इस योजना को लेकर आमजन के बीच भ्रांतियां बन गई हैं। इसके लिए दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य पूरे किए जाएं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में आगे किए जाने वाले कार्यों में पानी का स्रोत पहले पता किया जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि पानी के स्रोत की व्यवस्था किस प्रकार की जाती है। इसलिए ईआरसीपी, ताजेवाला हेड, आईजीएनपी या भूजल आदि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पानी के स्रोत का निर्धारण किया जाए। साथ ही, पुराने कार्यों की समीक्षा की जाए और गड़बड़ी वाले कार्यों को चिह्नित करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पानी की टंकियों में वाटर सप्लाई की स्थिति की सर्वे रिपोर्ट तैयार की जाए। पाइपलाइनों की गुणवत्ता व गहराई तथा ट्यूबवेल्स में विद्युत कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में खोदी गई सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

### शिकायतों के समाधान के लिए हो सुदृढ़ प्रणाली

मुख्यमंत्री ने जारी नल कनेक्शन के प्रमाणन की प्रक्रिया को तेज करने एवं जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने शिकायतों के समाधान के लिए सुदृढ़ प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी आधारित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का अधिक उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी, मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल संसाधन) श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) श्री अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री आलोक गुप्ता, शासन सचिव (जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी) डॉ. समित शर्मा सहित मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रतिदिन के कार्यों की तैयार हो प्रगति रिपोर्ट

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन में प्रतिदिन किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर उनकी मॉनिटरिंग की जाए। इसके लिए उन्होंने संभागवार नोडल अधिकारी नियुक्त करने एवं जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों को मॉनिटरिंग के लिए अधिकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर जल जीवन मिशन समिति की नियमित बैठकों की सूचना का मॉनिटरिंग सिस्टम भी तैयार किया जाए। उन्होंने अिधकारियों को निर्देश दिए कि पाइप पॉलिसी, ओएंडएम पॉलिसी 20 जून तक तैयार कर ली जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बीएसआर में भी आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तन कर संशोधित पॉलिसी जारी की जाए। टेंडर प्रक्रिया में पूर्ण रूप से पारदर्शिता एवं अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### निविदाओं की कार्रवाई कर जारी करें वर्क ऑर्डर

सीएम शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के लिए राज्य सरकार हर संभव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सकारात्मक है। उन्होंने मानव संसाधन एवं वित्तीय प्रावधानों को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, वृहद् परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने 19 हजार 152 करोड़ रुपए की लागत की निविदाओं की कार्रवाई को आगामी दिनों में पूरा करते हुए इनके वर्क-ऑर्डर जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने 26 हजार 819 करोड़ रुपए के 18 पैकेजेज के संबंध में निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसी माह में वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के लिए व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7 जून तक 1 हजार 355 करोड़ रुपए का व्यय जल जीवन मिशन में किया जा चुका है।

### वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ने कहा...

# आमजन जागरूक रहकर उठाएं सरकारी योजनाओं का लाभ



**बेधड़क | जयपुर**

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर स्थित महावर धर्मशाला में रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी के साथ आयोजित निःशुल्क एलएन-4 प्रोस्टेथिक हैण्ड (कृत्रिम हाथ) वितरण शिविर में शिरकत की। इस दौरान मंत्री संजय शर्मा ने रोटरी क्लब द्वारा मानव सेवा के लिए आयोजित किए गए कृत्रिम हाथ वितरण कैंप के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा ही सबसे बडा पुण्य है। इस कार्य में सामाजिक संस्थाएं बढ़-चढ़ कर मानव सेवा का धर्म निभा रही है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम हाथ वितरण के लिए लगाया गया यह शिविर जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करने में सहायक होगा। कृत्रिम हाथ लगने पर दैनिक कार्यों को किए जाने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा समय-समय पर आगे आकर मानव सेवा के कार्य किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है, जिनका बिना भेदभाव के लाभ प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आमजन जागरूक रहकर इन योजनाओं का लाभ उठाएं। रोटरी क्लब के अध्यक्ष एम.एल गुप्ता ने बताया कि शिविर में कोहनी से चार इंच के आगे जिन व्यक्ति के हाथ नहीं है या किसी कारण से हाथ कट गया है उन व्यक्तियों को निशुल्क हाथ लगाया गया।

इससे वे रोजमर्रा के कार्य आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह कृत्रिम हाथ एलएन-4 फाउंडेशन अमेरिका के द्वारा उपलब्ध कराए गए है। उन्होंने बताया कि शिविर में 60 से अधिक व्यक्तियों को कृत्रिम हाथ लगाए गए।

## जीवन बचाने के लिए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं



**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर में 14 जून को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर कार्यक्रम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों शिक्षकों चिकित्सकों और आमजन को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने सभी को रक्तदान के महत्व को बताया कि किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए सबसे बड़ा दान है रक्तदान। इसके लिए एक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।

### युवाओं ने शुरू किया सेवा अभियान

# गर्मी से बेहाल पशु-पक्षियों को राहत के लिए उठे हाथ

**बेधड़क | जयपुर**

भीषण गर्मी में एक तरफ जहां आमजन परेशान है वहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हो रहे हैं। इसी को देखते हुए अलवर शहर में युवा ब्राह्मण परिवार और जीवन धरा ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में भीषण गर्मी से बेजुबान पशु-पक्षियों को बचाने और उनके चारे-पानी की व्यवस्था के लिए रविवार से विशेष अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान का आगाज बुद्ध विहार कांजी हाउस गोशाला से हुई। साथ ही बताया गया कि इस अभियान के तहत शहर में पशु-पक्षियों के चारे और पानी की व्यवस्था की जाएगी। युवा ब्राह्मण परिवार की ओर से कहा गया कि बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा करना सभी का दायित्व है। इस भीषण गर्मी में जहां आम आदमी परेशान है तो पशु-पक्षियों के लिए भी पानी और चारे की जरूरत है। समाज के लोग इस अभियान से जुड़कर बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं।



### जीवों को काल का ग्रास बनने से बचाएं

युवा ब्राह्मण परिवार के प्रवक्ता शिव चरण कमल ने कहा कि मनुष्य के लिए पहला वाक्य यही कहलाता है कि सर्व हिताय जन सुखाय। इसके चलते हम सभी का यह उद्देश्य है कि प्रत्येक जीव को जीवन मिले। यदि भीषण गर्मी में जीव त्रस्त रहेगा तो मनुष्य का मन भी विचलित रहेगा। शिवचरण कमल ने कहा कि हम चाहते हैं कि सनातन धर्म में रहने वाले लोग प्रत्येक जीव को पूजते है व मानते है। उसी प्रकार से हम इस भीषण गर्मी में बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाने व पानी की व्यवस्था करके उन्हें कल का ग्रास बनने से बचाए।

### पानी के लिए आबादी में आते हैं जीव

प्रवक्ता ने कहा कि आज जंगलों में पानी की कमी होने के चलते जीव शहर में भटक रहे हैं। जीव को काल का ग्रास न बनने देना ही हमारी सबसे बड़ी कामयाबी है। इसके लिए हमारी ओर से बेजुबान पशु पक्षियों के लिए चारे व पानी की व्यवस्था शहर में की जा रही है। शिवचरण कमल ने कहा कि हमारा यह उद्देश्य है कि लोग इसके बारे में जाने और अपने घरों पर भी परिंडे में पानी भर कर रखें।

### जीव-जंतुओं की सेवा सभी का दायित्व

युवा ब्राह्मण परिवार के प्रवक्ता शिव चरण कमल ने कहा कि बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए कांजी हाउस बुद्ध विहार की गोशाला से जल व्यवस्था व चारे की व्यवस्था की निरंतर नियमित रूप से मुहिम शुरू की गई है। भीषण गर्मी में जिस तरह मनुष्य त्रस्त है पानी के लिए तो हम सभी का नैतिक दायित्व बनता है कि जीव जंतुओं की सेवा करें।

## जरूरी खबर

### आबूधाबी और बीकानेर के लिए फ्लाइट 16 से




**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 16 जून से जयपुर से अबूधाबी और बीकानेर के लिए दो नई फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। इनमें अबू धाबी फ्लाइट सप्ताह में चार दिन, जबकि बीकानेर फ्लाइट सप्ताह में 2 दिन संचालित की जाएगी। 16 जून से एतिहाद एयरवेज जयपुर से अबूधाबी के बीच फ्लाइट संचालित करेगा। फ्लाइट संख्या EY - 366 अबूधाबी से सुबह 3 बजकर 5 मिनट पर उड़ान भरेगी जो सुबह 8 बजकर 5 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। इसी तरह फ्लाइट संख्या EY- 367 जयपुर से सुबह 11 बजे अबूधाबी से उड़ान भरेगी जो अबूधाबी के स्थानीय समय दोपहर 1 बजे अबूधाबी पहुंचेगी। फ्लाइट 9I - 833 जयपुर से दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी जो दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पहुंचेगी।

### पानी भरते समय करंट से महिला की मौत

**जयपुर।** बस्सी कस्बे के तेजाजी मार्ग में रविवार को प्रातः 9 बजे करीब एक विवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला घर पर मोटर चलकर पानी भर रही थी। पानी भरने के बाद मोटर बंद करते समय करंट आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। बस्सी थाना अधिकारी जयेश पाटीदार ने बताया कि, रोडवेज बस स्टैंड के पास तेजाजी मार्ग की गली में निवासरत इब्राहिम हुसैन की पत्नी मोमिना बानू उम्र 30 वर्ष घर पर मोटर चलकर पानी भर रही थी। पानी भरने के बाद मोटर बंद करते समय करंट आ गया। मोबिना को बस्सी में इलाज के लिए ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोबिना के दो बेटियां हैं एक 14 वर्ष की है और दूसरी 13 महीने की है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## महाराणा प्रताप जयंती पर राष्ट्रीय करणी सेना ने निकाली वाहन रैली

# युवाओं ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय करणी सेना की ओर से रविवार को महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। इस अवसर पर करणी सेना की ओर से 5 किमी लंबी वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वसमाज के मदद के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी शुरू किया गया। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने बताया कि रैली को पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली खातीपुरा मोड़, वैशाली नगर होते हुए सूर्य अपार्टमेंट्स चित्रकूट स्टेडियम के पास पहुंच कर समाप्त हुई। यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हिम्मत सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय करणी सेना ने सर्वसमाज के लोगों की मदद के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 9828495800 शुरू किया है। किसी भी व्यक्ति जिसकी किसी भी प्रकार से कोई आवाज दबाई जा रही है वो इस नंबर पर शिकायत करें। इसके लिए हमने एक कमेटी बनाई है। कमेटी प्राप्त हुए शिकायत के आधार पर विचार कर उस व्यक्ति तक मदद पहुंचाएगी।



### पाकिस्तान से मिली जान से मारने की धमकी

राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने बताया- कार्यक्रम के मंच से भाषण समाप्त होते ही विदेश के किसी न. +92-3260073457 से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की तरह जान से मारने की धमकी दी गई। उनका कहना था की जिस तरीके से उसे मारा है। तुझे भी मार डालेंगे। धमकी भरे कॉल के बाद राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष ने चित्रकूट थाने में कॉल कर इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल को खाली कराया। इस दौरान पुलिस के कई आला अधिकारी ने जाकर शिकायत दर्ज की। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद की।





## ओझा ने बताए रामचरित मानस के रहस्य

# राम से प्रभु श्रीराम तक...



**बेधड़क** | जयपुर

श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में जेएलएन मार्ग स्थित विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप सभागार में रविवार को 'घट-घट के वासी राम' राम से प्रभु श्रीराम तक की ज्ञान यात्रा- राम कथा का आयोजन हुआ। श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा और आयोजन समिति के मुख्य समन्वयक गब्बर कटारा ने बताया कि इस आयोजन में कथाकार पंकज ओझा ने भगवान राम के पृथ्वी पर विस्तार, अनेक देशों में राम कथाओं और रामचरित्र के प्रचलन और भगवान राम के साधारण मनुष्य से लोकनायक और जन-जन के आराध्य प्रभु श्रीराम बनने तक की यात्रा के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला।

### श्रीराम की जीवन लीलाओं का वर्णन

इस ज्ञान यात्रा में कथाकार ने भगवान श्रीराम के जीवन की विभिन्न लीलाओं पर प्रकाश डाला। कथाकार ने केवट प्रसंग के पीछे छिपे रहस्य को बताते हुए कहा कि एक बार क्षीरसागर में भगवान विष्णु शेष शैया पर विश्राम कर रहे थे और लक्ष्मीजी उनके पैर दबा रही थीं। विष्णुजी के एक पैर का अंगूठा शैया के बाहर आ गया। क्षीरसागर में जब एक कछुए ने इस दृश्य को देखा तो उसके मन में विचार आया कि मैं यदि भगवान विष्णु के अंगूठे को अपनी जिह्वा से स्पर्श कर लूं तो मेरा मोक्ष हो जाएगा। यह सोचकर कछुए ने अनेकों प्रयास किए पर शेषजी और लक्ष्मी माता के कारण उसे कभी सफलता नहीं मिली।

# स्पा सेंटर में महिला के साथ छेड़छाड़

**जयपुर।** स्पा सेंटर में महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया। महिला की शिकायत पर अशोक नगर थाना पुलिस ने स्पा सेंटर मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अशोक नगर थाने के एसआई धर्मसिंह ने बताया कि इलाके में प्लेटिनम स्पा ओसीएम होटल में चलता है। आरोप है कि स्पा सेंटर के मैनेजर जयदीप एरे ने महिला के साथ अश्लील हरकत की। उसके सामने कपड़े खोले। महिला ने इसका विरोध किया, लेकिन आरोपी जयदीप ने महिला को गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया। अशोक नगर थाना पुलिस ने मामले के गम्भीरता को देखते हुए प्लेटिनम स्पा सेंटर के मैनेजर जयदीप एरे के खिलाफ महिला से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया।

पुलिस रविवार को महिला के बयान दर्ज कर स्पा सेंटर पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज की जांच की। साथ ही स्पा में काम करने वाली महिलाओं से भी इस संबंध में पूछताछ करना शुरू कर दिया है।

## खोले के हनुमान मंदिर में सियाराम जी का पाटोत्सव शुरू

# भगवान राम के नाम से गूंजी लक्ष्मण डूंगरी

**बेधड़क** | जयपुर

श्री खोले के हनुमान मंदिर में आराध्य श्रीराम जी का पाटोत्सव रविवार से प्रारंभ हुआ। ग्यारह दिवसीय पाटोत्सव के दौरान वेदमाता, गंगामाता, अन्नपूर्णा माता का पाटोत्सव भी धूमधाम से मनाया जायेगा। जयपुर के प्रसिद्ध भजन मण्डल हर दिन प्रातः व सायं सामूहिक सुंदरकाण्ड और भजन गायन होंगे।

यज्ञ आहूति की सुगंध व श्रीराम के उच्चारण से 11 दिन लक्ष्मण डूंगरी गूंजायमान रहेगी। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि श्री खोले के हनुमान मंदिर के शिखर पर स्थित सियाराम जी का पाटोत्सव भक्तजनों व संत-महंतों की उपस्थिति में मनाया गया। इस मौके पर त्रिवेणी धाम, हनोता धाम, जोतड़ा बाबा, मनोहरदासजी, सीयाराम दासजी, राम किशोरजी (हरि सिंह), सुदर्शनाचार्यजी, राघवेन्द्राचार्यजी, नरेन्द्रजी, श्री पापड़ वाले, श्री पंचमुखी, श्री गणेशजी, श्री लाडली जी, श्री बारीका बाग, श्री अयोध्या दास, श्री काले हनुमानजी, बड़े भय्या, नहर के गणेशजी, अमित जी ताड़केश्वर, शनिदेव मंदिर, सुरजपोल नृसिंह जी, लक्ष्मीनारायण मंदिर, विजय पाण्डे, बंशिवाले, गोनेर महाराज आदि संत मंहत उपस्थित रहे।



प्रबंध समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि सोमवार को प्रातः 6 बजे सियारामजी महाराज का 108 औषधि द्रव्यों से मंत्रोच्चारण के साथ महाअभिषेक, प्रातः 8 बजे वेद पाठ, 9 बजे श्री वाल्मिकी रामायण का अखण्ड पारायण प्रारंभ, 10 बजे षोड्शोपचार पूजन, अभिषेक, श्रृंगार, 11 बजे राजभोग, 11:30 बजे संतों-महंतों द्वारा विशेष उत्सव आरती और 12 बजे संत-महंत सम्मान आशीर्वचन होगा। युवा सत्संग रामायण सेवा समिति के सत्यनारायण ठाकुरिया व महेश माचीवाल के संयोजन में दोपहर 1 बजे सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, सायं 6.30 बजे गौरांग महाप्रभु सत्संग मण्डल के राधामोहन नानूवाला के सानिध्य में भजन संकीर्तन एवं बधाई गायन की प्रस्तुति होगी।

## मानसरोवर थाना पुलिस की कार्रवाई

# राज्यमंत्री बनाने का झांसा देकर 5 करोड़ की ठगी में बिजनेसमैन गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्र में राज्यमंत्री बनाने का झांसा देकर पांच करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में मानसरोवर थाना पुलिस ने दिल्ली के बिजनेसमैन को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी नवीन गोयल को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया। आठ साल बाद पुलिस की कार्रवाई की भनक लगने पर मुख्य आरोपी राजकुमार शर्मा व मनोज शर्मा अंडरग्राउंड हो गए।

आरोपी राजकुमार शर्मा आमेर विधानसभा क्षेत्र से हाल ही में विधायक का निर्दलीय चुनाव लड़े थे। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि मामला कोर्ट के आदेशों पर फिर से रिऑपन हुआ था। मामले की जांच की तो परिवादी के आरोप सही पाए गए। उसके आधार पर पुलिस टीम दिल्ली भेजी गई। जहां से आरोपी नवीन गोयल को गिरफ्तार कर लिया और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



### वेयरहाउस चेयरमैन बनाने का फर्जी नियुक्ति पत्र दिया था

पुलिस ने बताया कि सीताराम शर्मा का आरोप था कि राजकुमार शर्मा व मनोज शर्मा ने केन्द्र में राज्यमंत्री का दर्जा दिलाने का झांसा दिया और उसकी मुलाकात सुभाष शर्मा से कराई। तीनों दिल्ली ने निवासी नवीन गोयल से मुलाकात कराई और वेयरहाउस चेयरमैन बनाने व राज्यमंत्री बनाने का झांसा दिया। चारों आरोपी मिलकर दिल्ली में एक पूर्व मंत्री के भाई से मुलाकात कराई। इसके बाद पीड़ित आरोपियों के झांसे में आ गया और राज्यमंत्री बनने के लिए आरटीजीएस व चेक के मार्फत उनके बैंक खातों में पांच करोड़ रुपए की राशि दे दी। आरोपियों ने एक माह बाद वेयरहाउस चेयरमैन बनने का नियुक्ति पत्र दे दिया। कुछ दिन बाद ही दिल्ली पुलिस में केन्द्र सरकार के निर्देश पर सीताराम के खिलाफ फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने का मुकदमा दर्ज किया। तब सीताराम को ठगी होने की भनक लगी। हालांकि, इस मामले में पुलिस ने फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए सीताराम शर्मा के खिलाफ ही कार्रवाई कर दी थी।

### आरोपियों के खिलाफ पीड़ित ने कराया था मुकदमा

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के बाद वर्ष 2016 में नारायण बिहार निवासी सीताराम शर्मा ने इस्तगासे से मानसरोवर थाने में राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा, नवीन गोयल व सुभाष शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों से पुलिस ने मिलीभगत करके मामले में एफआर लगा दी थी। ऐसे में पीड़ित सीताराम ने कोर्ट में फिर से निष्पक्ष जांच करने की गुहार लगाई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद पुलिस को फिर से मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। प्रकरण रिऑपन होने के बाद पुलिस ने जांच की तो पीड़ित के आरोप सही पाए गए।

# इधर, पेपरलीक के मामले में एडि. SP के पति को पकड़ा

**बेधड़क** | जयपुर



स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने एसआई भर्ती-2021 पेपरलीक मामले में रविवार को एडिशनल एसपी नविता खोखर के पति तुलसाराम को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, गिरफ्तार तीनों महिला ट्रेनी एसआई को कोर्ट में पेश किया। एसओजी को जानकारी मिली है कि तीनों एसआई पहले भी एग्जाम में नकल कर चुकी हैं। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि जोधपुर और जयपुर आरपीए से गिरफ्तार तीनों ट्रेनी एसआई को कोर्ट ने 7 दिन के रिमांड पर भेजा है। एसओजी ने मनीषा सिहाग निवासी गंगाशहर (बीकानेर), अंकिता गोदारा निवासी नोखा (बीकानेर) और प्लाटून कमांडर प्रभा विश्नोई निवासी लोहावट (जोधपुर) को गिरफ्तार किया था। तीनों से एंटी चीटिंग सेल की टीम अलग-अलग पूछताछ कर रही है। एसओजी के पास इनपुट है कि इन तीनों महिला एसआई ने पहले भी कई परीक्षाओं में नकल की है।

## जरूरी खबर

### चंबल में नहाने गए दो मजदूरों की डूबने से मौत



**करौली।** चंबल नदी में डूबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। एसडीआरएफ टीम के सहयोग से चंबल नदी में रेस्क्यू अभियान चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद शवों को तलाशा गया। मंडरायल थानाधिकारी महेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि सहेड के निर्माणाधीन प्राथमिक विद्यालय पर काम कर रहे दो मजदूर चंबल नदी में नहाने के लिए गये थे। 55 वर्षीय सुमेर पानी में उतरा, तो उसका पैर गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। उसे बचाने के प्रयास में पास में ही उसका साथी 25 वर्षीय विशन की भी मौत हो गई।

### ट्रेलर की टक्कर से माता-पिता और पुत्री की मौत

**सिरोही।** जिले के आबूरोड सदर थाना क्षेत्र में किवरली के पास नेशनल हाइवे पर एक ट्रेलर ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय 108 एंबुलेंस में दम तोड़ दिया। आबूरोड सदर थाना क्षेत्र में किवरली के पास हुई सड़क दुर्घटना में मोरथला निवासी गणपत (45) पुत्र मोती हरिजन, दुलारी (35) पत्नी गणपत व सुमन(12) पुत्री गणपत हरिजन निवासी मोरथला की मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में समाज के लोग मोर्चरी पहुंचे। वहीं घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई। सदर थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि गणपत बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप जा रहा था तभी हादसा हो गया।

### 20 फुट ऊंचाई से टैंकर गिरा, चालक की मौत



**कुचामनसिटी।** जिले के लांडनू में केमिकल से भरा टैंकर पुलिया से 20 फीट नीचे सर्विस लेन पर जा गिरा। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण हादसा हुआ। हादसा रविवार को लाडनूं के जसवंतगढ़ थाना क्शेत्र के कसुंबी पुलिया पर हुआ। हादसे की सूचना पर थानाधिकारी मंजू मूलेवा मय जाब्ते मौके पर पहुंची। इस हादसे में चालक की मौत हो गई। शव को लाडनूं हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक की पहचान बाड़मेर के बायतू निवासी चेनाराम के रूप में हुई। टैंकर गुजरात से रोहतक जा रहा था।

## उदयपुर में महाराणा प्रताप के वंशज और मेवाड़ के पूर्व राज परिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने अर्पित की पुष्पांजलि

# वीर शिरोमणि का दुग्धाभिषेक... शौर्य और साहस को नमन

**बेधड़क** | उदयपुर

शौर्य और साहस के प्रतीक वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हुए। इनमें वीर शिरोमणों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ ही उनके जीवन आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। उदयपुर में सुबह 7.30 बजे से महाराणा प्रताप गौरव केंद्र स्थित 57 फुट ऊंची महाराणा प्रताप की प्रतिमा का फायर ब्रिगेड से जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। मेवाड़ के पूर्व राज परिवार सदस्य डॉ। लक्ष्यराज मेवाड़ सुबह मोती मगरी पहुंचे, जहां उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित पर उन्हें नमन किया। इस दौरान 484 किलो चूरमे के लड्डू का भोग अर्पित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के जयकारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम के मौके पर केबिनेट मंत्री सुरेश रावत, नगर निगम महापौर गोविंद टांक, उप महापौर पारस सिंघवी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा और आरएसएस के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं नगर निगम की 2 फायर ब्रिगेड द्वारा जलाभिषेक भी किया गया।



### अष्टधातु से बनी है प्रतिमा

महाराणा प्रताप की यह प्रतिमा 57 फीट ऊंची है, जो अष्ट धातु से बनी है। साहित्याकारों के मुताबिक महाराणा प्रताप का निधन भी 57 साल की उम्र में हुआ। इसलिए इस प्रतिमा की ऊंचाई भी 57 फीट रखी गई है। प्रतिमा की ऊंचाई अत्यधिक होने के कारण जलाभिषेक करने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ियां मंगाई गई थी।

### वाहन रैली के बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण



चित्तौड़गढ़। शक्ति, भक्ति और त्याग की धरा चित्तौड़गढ़ में मेवाड़ क्षत्रिय सेना द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जोहर भवन से हुई, जहां से वाहन रैली रवाना की गई। समाज सेवी हर्षवर्धन सिंह रूद, क्षत्रिय महासभा के महामंत्री भवानी प्रताप सिंह ताणा ने केशरिया झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई जिला कलेक्टर निवास के बाहर प्रताप पार्क पहुंची। जहां महाराणा प्रताप प्रतिमा को माल्यार्पण के बाद सभा आयोजित की गई। मेवाड़ क्षेत्र महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह मुख्य वक्ता थे। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास का वो कालखंड जब देश संक्रमण काल से गुजर रहा था। सनातन संस्कृति व धर्म पर खतरे के बादल मंडरा रहे थे तब महाराणा प्रताप ने देश में स्वाभिमान व स्वातंत्र्य प्रेम की भावना जागृत की। इसी का परिणाम था कि स्वतंत्रता सेनानियों के लिए महाराणा प्रताप आदर्श रहे।

## मंत्री नागर ने कहा- ऊर्जा क्षेत्र में होगा बड़ा निवेश, संकट से मिलेगी मुक्ति

# बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश, पूर्व सरकार ने कर्ज में डुबोया

**बेधड़क** | भरतपुर

प्रदेश में आज ऊर्जा विभाग की हालत जीर्ण-शीर्ण है। उत्पादन, प्रसारण किसी क्षेत्र में काम नहीं हुआ। कांग्रेस सरकार ने 5 साल में काम कुछ नहीं किया, बल्कि भ्रष्टाचार कर ऊर्जा विभाग को कर्ज में डुबो दिया। यह कहना है प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का। भरतपुर दौरे पर आए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि अब प्रदेश में सौर ऊर्जा प्लांट, थर्मल प्लांट समेत पूरे ऊर्जा क्षेत्र में 225 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इसके लिए भजनलाल सरकार ने योजना तैयार कर ली है। उन्होंने यहां बिजली विभाग के संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय में बिजली आपूर्ति की समीक्षा बैठक ली। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि पिछले पांच साल में प्रदेश में नए जीएसएस नहीं बनाए गए, पुराने जीएसएस की क्षमता नहीं बढ़ाई गई, प्रसारण, वितरण और उत्पादन में काम नहीं हुआ, जिसकी वजह से प्रदेश के विद्युत तंत्र की हालत जीर्ण-शीर्ण है। यही वजह है कि आज बिजली की समस्याएं आ रही हैं। इसी की समीक्षा करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली गई। मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि बैठक में जनप्रतिनिधियों और अभियंताओं के सुझाव आए हैं। उनको जल्द से जल्द स्वीकृत कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। नए जीएसएस का काम शुरू कराने, जिन जीएसएस का काम चल रहा है उनका काम जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जो ठेकेदार काम करने में लापरवाही बरत रहा है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आने वाले समय में ऊर्जा क्षेत्र में निश्चित रूप से सुधार होगा।



### भ्रष्टाचार से कर्ज में डूबा विभाग

ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि बीते पांच साल में कांग्रेस राज में विद्युत विभाग में काम नहीं होने और भ्रष्टाचार की वजह से विभाग कर्ज में डूब गया। हमारी सरकार बनने के बाद थर्मल प्लांट, सोलर प्लांट आदि के क्षेत्र में 225 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इसकी पूरी योजना तैयार कर ली गई है। आने वाले समय में राजस्थान बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा। समीक्षा बैठक में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, बयाना विधायक डॉ ऋतु बनावत, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली मौजूद रहे।

### जमकर भाई-भतीजावाद किया

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि पिछले पांच साल कांग्रेस राज में विद्युत आपूर्ति के लिए तुष्टिकरण व भाई भतीजावाद किया गया। अनियमित तरीके से विद्युत लाइन खींचकर कुछ लोगों को परेशान किया गया। आने वाले समय में विद्युत आपूर्ति की सुदृढ़ व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए 10 हजार करोड़ के एमओयू किए गए हैं।

### समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं था

मंत्री जवाहर सिंह ने कहा कि बैठक के दौरान कुछ किसान अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। मैंने खुद बैठक से बाहर आकर लोगों की समस्याएं सुनीं, जबकि पिछली सरकार में मंत्री लोगों को धक्के मारकर भगा देते थे। अब तो हम चाय पिलाते हैं, नाश्ता कराते हैं, ये सब हमारे ही भाई हैं। इनकी सारी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का कार्य भजनलाल सरकार करेगी।

## हरियाणा-राजस्थान के CM की शिष्टाचार भेंट

# 'हरियाणा और राजस्थान के गतिमान विकास' विषय पर हुई चर्चा



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को दिल्ली दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने हरियाणा भवन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच दोनों राज्यों के गतिमान विकास कार्यों सहि जनकल्याण कारी विषयों पर चर्चा हुई।

वहीं दोनों राज्यों के बीच आपसी सामंजस्य से रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा को बढ़ावा देकर जनकल्याणी कार्य करने पर भी चर्चा हुई। इस मुलाकात के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया।

इसके साथ उन्होंने लिखा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हरियाणा भवन नई दिल्ली पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद किया। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हरियाणा के सीएम और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली पहुंचे थे।

## बिहारीजी मंदिर में गूंजे भजनों के सुर, झूमे श्रद्धालु

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे में ठाकुरश्री बिहारीजी मंदिर में पाटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कैलाश चंद्र शर्मा माधोसिंहपुरा वालों की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें ठाकुरजी श्रीराधा कृष्ण बिहारी का दुग्ध अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। इसके बाद नूतन पोशाक धारण करवा कर मनोहारी झांकी सजाई गई। इस मौके पर संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड हुए। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि आयोजन में राजस्थान ब्राह्मण समाज के प्रदेश संगठन मंत्री विष्णु कुमार शर्मा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सनाढ्य ब्राह्मण समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किया गया। राजस्थान ब्रह्मा कार्मिक टीम ने भी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए मेहनत और लगन से अध्यन करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने और अपने हुनर से देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया।



## आधार कार्ड में माता-पिता के फिंगर प्रिंट से आई बाधा

# पांच साल से कम के बच्चों की ई-केवाईसी में दिक्कत

**बेधड़क** | चाकसू

उपखण्ड में 8 दिन की हड़ताल के बाद जैसे ही रविवार को राशन की दुकानें खुलीं तो इन पर ई-केवाईसी को लेकर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तेज गर्मी के बावजूद दुकानों के बाहर लोग अपनी बारी का इंतजार करते रहे। गौरतलब है राशन कार्डों में फर्जी यूनिटों की जांच-पड़ताल के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद खाद्य विभाग ने 30 जून तक राशन डीलर्स को निशुल्क ई-केवाईसी करने के निर्देश दे रखे हैं। इसके विरोध में चाकसू उपखंड के समस्त डीलर्स 8 दिन से हड़ताल पर थे। इसके बाद रसद विभाग व डीलर्स ऐशोसिशन की बीच समझौता होने पर रविवार से राशन की दुकानें पूर्ण रूप से खुल गई। दुकानों पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखी गई। प्रवर्तन अधिकारी देवेंद्र आसेरी ने बताया कि राशन कार्ड में जितने सदस्य पंजीकृत हैं, उन सबकी ई-केवाईसी जरूरी है। इसके अभाव में खाद्यान में कटौती की जाएगी। इसलिए सभी उपभोक्ता राशन की दुकानों पर जाकर ई-केवाईसी 30 जून तक करवा सकते हैं। वहीं 5 साल से छोटे बच्चों की ई-केवाईसी में ज्यादा परेशानी आ रही है, क्योंकि उनके आधार कार्ड उनके माता-पिता के प्रिंगर व फेस स्कैन से बने हुए हैं। रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी देवेंद्र आसेरी ने बताया जो लोग मजदूरी व अन्य कार्य की वजह से दूसरे जिलों या राज्यों में रहते हैं वे वहीं उचित मूल्य की दुकानों पर जाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं।



## हनुमानगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा...

# युवा पीढ़ी को नशे के जहर से बचाने में जनभागीदारी आवश्यक

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

युवाओं को नशे के जहर से बचाने और नशे के दलदल में भसें लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में जनसहभागिता बहुत जरूरी है। आमजन के सहयोग से नशे के सौदागरों पर काबू पाकर नशा मुक्त समाज की संकल्पना की जा सकती है। ये कहना है हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान का। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में पुलिस का इकबाल बुंलद कर रही है। प्रदेश में अमन-चैन, सद्भाव बनाए रखने के साथ मादक पदार्थों की तस्करी की चुनौती से निपटने के लिए राजस्थान पुलिस प्रतिबद्ध है। इसी संकल्प से हनुमानगढ़ पुलिस जिले में मादक पदार्थों के कारोबार तथा युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में नशा माफिया एवं संगठित अपराधों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। हनुमानगढ में एक दिसंबर, 2023 से मई, 2024 तक पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 227 प्रकरण दर्ज कर 286 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में 67.823 किलोग्राम अफीम, 200 पौधे अफीम, 4584.11 किलोग्राम डोडा-पोस्त, 1 किलो 370 ग्राम हेरोइन, 114 ग्राम स्मैक, 26.755 किलोग्राम गांजा, 15370 टेबलेट, 4 पिस्तौल, 2 बंदूक, 231 कारतूस, 9 इंजेक्शन, 90 नशीली दवा शीशियां व 65 लाख 43 हजार 670 की नकदी और 80 वाहनों की जब्ती की गई है। इनकी अनुमानित कीमत 18 करोड़ रुपए है। पुलिस की ओर से आदतन नशा तस्करों को चिह्नित कर कार्रवाई कर रही है। वहीं, धारा 68 एफ के तहत मई 2024 में रावतसर एवं संगरिया में दो जगह लगभग 10 करोड़ रुपए की अचल संपति फ्रीज की गई है। वहीं नशा तस्करी से अकूत संपति अर्जित करने वाले तस्करों को चिह्नित किया जा रहा है।



### नशे की रोकथाम के लिए किए ये उपाय

नशे की रोकथाम के लिए पुलिस का व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 8764531201 है। इस पर भी नशे के खरीद-फरोक्त संबंधी सूचनाएं मिल रही है। इस नंबर को खुद पुलिस अधीक्षक संचालित करते हैं। सूचनाकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाती है। जिला पुलिस स्कूल-कॉलेज और गांवों में जाकर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दे कर युवाओं के नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी जा रही है। गांवों में प्रत्येक पुलिस थाने में पंचायत मुख्यालय स्तर पर इंटरैक्टिव वर्कशॉप भी की जा रही है।

### नशा मुक्ति के लिए चलेगा अभियान

नशा तस्करी रोकने के मामले पर जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन और इससे जुड़े अपराधियों की ओर से युवा पीढ़ी को गुमराह नहीं करने देंगे। समाज की स्वस्थ जड़ों को लोगों के साथ मिलकर अधिक मजबूत करेंगे। नशा मुक्ति के लिए शीघ्र जागरूकता अभियान शुरू होगा। इसमें प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ा जाएगा। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। पुलिस नशा माफियाओं को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई कर रही है।

### गोलगप्पों से पीएम मोदी को अनूठा बधाई संदेश



**बीकानेर।** देश में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। देश की जनता मोदी 3.0 के लिए अपने-अपने तरीके से बधाई संदेश प्रेषित कर रहे हैं। इसी कड़ी में बीकानेर के गोलगप्पे बेचने वाले धर्मेंद्र अग्रवाल ने 300 से अधिक रंग-बिरंगे गोल गप्पों के माध्यम से प्रधानमंत्री को अनोखे अंदाज में बधाई दी है। यह पहला अवसर है जब देश में लगातार तीसरी बार गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री शपथ लेने जा रहे हैं। बीकानेर के धर्मेंद्र अग्रवाल करीब 150 तरह के गोलगप्पे बनाते हैं।

**परीक्षा परिणाम:** आईआईटी जेईई एडवांस्ड रिजल्ट जारी... JoSAA काउंसलिंग आज से

# दिल्ली जोन के वेद टॉप पर, आदित्य सेकंड... महिलाओं में द्विजा ने किया टॉप

## कुल 1, 80, 200 परीक्षार्थियों में से 25.85% यानी 48,248 स्टूडेंट्स उत्तीर्ण

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आईआईटी मद्रास) रविवार को जेईई एडवांस्ड 2024 पेपर 1 और पेपर 2 रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसमें दिल्ली जोन के इंदौर के वेद लाहोटी टॉप पर रहे, जबकि इसी जोन से ही भोपाल के आदित्यराज कौशल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला अभ्यर्थियों में द्विजा धर्मेशकुमार टॉप पर रहीं। मपरीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट jee-adv.ac.in से इसे चेक और डाउनलोड कर सकेंगे। जेईई एडवांस्ड 2024 परिणाम डाउनलोड करने के लिए, उम्मीदवारों को आईआईटी मद्रास की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन क्रेडेंशियल के रूप में अपना आवेदन नंबर और जन्म तिथि दर्ज करना होगा।

जेईई एडवांस्ड 2024 स्कोरकार्ड में उम्मीदवार के अंक, कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) और कैटेगरी रैंक लिस्ट शामिल है। इसके अलावा, प्राधिकरण आईआईटी जेईई एडवांस्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर परिणामों के साथ जेईई एडवांस्ड टॉपर सूची भी जारी कर दी है।

आईआईटी मद्रास ने 26 मई, 2024 को जेईई एडवांस्ड 2024 परीक्षा आयोजित की थी। उम्मीदवार जेईई एडवांस्ड के अंक बनाम रैंक जानने के लिए परिणाम देख सकते हैं ताकि यह पता चल सके कि परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर उन्हें कौन सी रैंक दी जाती है।



### कुल 25.85% कैंडिडेट्स पास हुए

इस साल JEE एडवांस्ड एग्जाम में कुल 1 लाख 86 हजार 584 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया था। इनमें से 1 लाख 80 हजार 200 ने दोनों पेपर की परीक्षा दी थी। अब इनमें से कुल 48,248 स्टूडेंट्स IIT JEE में पास हो पाए हैं। यह कुल कैंडिडेट्स का 25.85% है, जो पिछली बार से बेहतर है।

| जेंडर | पंजीकृत छात्र | उपस्थित छात्र | उत्तीर्ण छात्र |
|---|---|---|---|
| मेल कैंडिडेट | 143637 | 139180 | 40284 |
| फीमेल कैंडिडेट | 42947 | 41020 | 7964 |
| कुल | 186584 | 180200 | 48248 |

**सीआरएल टॉप रैंकिंग**

| सीआरएल | नाम | कुल अंक | जोन |
|---|---|---|---|
| 1 | वेद लाहोटी | 355 | आईआईटी दिल्ली |
| 2 | आदित्य | 346 | आईआईटी दिल्ली |
| 3 | भोगलपल्ली संदेश | 338 | आईआईटी मद्रास |
| 4 | रिदम केडिया | 337 | आईआईटी रूड़की |
| 5 | पुट्टी कुशल कुमार | 334 | आईआईटी मद्रास |
| 6 | राजदीप मिश्रा | 333 | आईआईटी बॉम्बे |
| 7 | द्रविज धर्मेश कुमार पटेल | 332 | आईआईटी बॉम्बे |
| 8 | कोडुरुतेजेश्वर | 331 | आईआईटी मद्रास |
| 9 | ध्रुविन हेमंत दोशी | 329 | आईआईटी बॉम्बे |
| 10 | अल्लादाबोना SSDB सिंधविक सुहास | 329 | आईआईटी मद्रास |


वेद लाहोटी: 355 अंक


द्विजा धर्मेशकुमार पटेल: 332 अंक

### दिल्ली जोन के इंदौर के वेद लाहोटी ने किया टॉप

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस 2024 में आईआईटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक प्राप्त करके कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इसी जोन के आिदत्य ने दूसरी रैंक हासिल की।

### द्विजा धर्मेश कुमार ने महिला उम्मीदवारों में टॉप

जेईई एडवांस टॉपर 2024 के आंकड़ों के अनुसार आईआईटी बॉम्बे जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल ने 7 सीआरएल के साथ महिला उम्मीदवारों में टॉप किया है। जेईई एडवांस रिजल्ट 2024 में द्विजा ने 360 में से 332 अंक हासिल किए हैं। द्विजा शुरू से मेधावी हैं।

### अभ्यर्थियों ने लगाया रिजल्ट नहीं खुलने का आरोप

अभ्यर्थियों ने दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जेईई एडवांस 2024 रिजल्ट नहीं खुलने का आरोप लगाया। छात्रों ने आईआईटी मद्रास से इस मुद्दे को तुरंत हल करने का आग्रह किया था।



**जेईई-एडवांस्ड में राजस्थान के कई स्टूडेंट्स ने लहराया परचम**

## जयपुर के सक्षम खंडेलवाल को ऑल इंडिया 60वीं रैंक

**जयपुर।** जेईई एडवांस्ड के नतीजों में जयपुर के सक्षम ने ऐतिहासिक परिणाम हासिल किया। आईआईटी मद्रास द्वारा घोषित परिणामों में इस स्टूडेंट ने श्रेष्ठता साबित करते हुए सिटी टॉप की है। जयपुर के स्टूडेंट सक्षम खंडेलवाल ने 360 में से 310 अंक प्राप्त करके आल इंडिया रैंक-60 प्राप्त की है और जयपुर सिटी टॉप किया है। इसके साथ ही उनके साथी हरित मंगल ने 295 अंकों के साथ आल इंडिया 128वीं रैंक प्राप्त की है।

सक्षम के साथ ही 255 अंक प्राप्त करने वाली आल इंडिया रैंक 552 पर रही श्रेया खंडेलवाल गर्ल सिटी टॉपर रही है। अब तक के परिणामों में जयपुर और राजस्थान के टॉप-1000 में 18 तथा टॉप-2000 में 40 स्टूडेंट्स ने स्थान बनाया है। इसके साथ ही एआईआर-12 पर राघव शर्मा, 15 पर शॉन थॉमस, 16 पर बिस्मित साहू, 21 पर शौर्य अग्रवाल, 22 पर नमिश, 23 पर अंश गर्ग, 26 पर मितांशु, 28 पर शेखर झा, 29 पर मोहम्मद सूफियान, 30 पर सागर वी, 31 पर इशान गुप्ता, 35 पर रिशित अग्रवाल, 36 पर विदिप रेड्डी, 37 पर अंशुल गोयल, 38 पर अक्षर झाला, 40 पर अरनव, 44 पर आदिश्वर सिंह व 49 पर अवैद रहे हैं।



| कैटेगरी | रैंक | टॉपर का नाम | जोन |
|---|---|---|---|
| ओपन (सीआरएल) | 1 | वेद लोहोटी | आईआईटी दिल्ली |
| जनरल-ईडब्ल्यूएस | 1 | राघव शर्मा | आईआईटी दिल्ली |
| ओबीसी-एनसीएल | 1 | माचा वालादिल्य | आईआईटी भुवनेश्वर |
| अनुसूचत जाति | 1 | बिबास्वान बिस्वास | आईआईटी भुवनेश्वर |
| अनुसूचित जनजाति | 1 | सुमुख एम जी | आईआईटी दिल्ली |
| सीआरएल- PWD | 1 | चुंचिकाला श्रीचरण | आईआईटी मद्रास |
| सामान्य-ईडब्ल्यूएस-PWD | 1 | गुंडा जोशीमित | आईआईटी मद्रास |
| ओबीसी-एनसीएल-PWD | 1 | पार्थ बावनकुले | आईआईटी बॉम्बे |
| एससी-PWD | 1 | हेमंत गोडवे | आईआईटी बॉम्बे |
| एसीटी-PWD | 1 | सांगये नोरफेल शेरपा | आईआईटी गुवाहाटी |

## JoSAA काउंसलिंग व पंजीकरण प्रक्रिया 18 तक

JoSAA काउंसलिंग 2024 के लिए पंजीकरण कल यानी 10 जून से शुरू होगी। संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडवांस 2024 में उत्तीर्ण उम्मीदवार IIT प्रवेश के लिए काउंसलिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (JoSAA) 10 जून को जोसा काउंसलिंग 2024 के लिए पंजीकरण और विकल्प भरने की प्रक्रिया शुरू करेगा। जेईई मेन और जेईई एडवांस में उत्तीर्ण उम्मीदवार जोसा की ऑफिशियल वेबसाइट josaa.nic.in पर जाकर आखिरी तिथि तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवारों को पाठ्यक्रमों और संस्थानों के लिए अपनी प्राथमिकताएं भरनी होंगी। जेईई मेन और जेईई एडवांस परीक्षा 2024 में सफल उम्मीदवार जोसा काउंसलिंग पंजीकरण के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) और अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए, JoSAA 14 जून और 16 जून तक प्रस्तुत विकल्पों के आधार पर दो मॉक सीट आवंटन प्रदर्शित करेगा। जिसके परिणाम क्रमशः 15 जून और 17 जून को जारी होंगे। जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 2024 के तहत पंजीकरण और विकल्प भरने की प्रक्रिया 18 जून को समाप्त होगी।

## इन मेधावियों ने ऐसे पाया अपना लक्ष्य

**जयपुर।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडवांस 2024 में आईआईटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने JEE एडवांस 2024 परिणाम के साथ ही जेईई एडवांस टॉपर्स लिस्ट 2024 भी जारी की है।

वेद को कक्षा दसवीं में 98.6 प्रतिशत तथा कक्षा 12 में 97.6 प्रतिशत नंबर मिले थे, यही नहीं जेईई-मेन 2024 में में 300 में से 295 अंकों के साथ आल इंडिया रैंक 119 पाई थी। वेद ने



कोटा से कोचिंग ली है। एक इंटरव्यू में वेद ने बताया कि उन्होंने दो साल से मेहनत की। वेद को मैथ्स में ज्यादा इंटरेस्ट और बायो में नहीं थी, इसलिए उन्होंने मैथ्स ली। वहीं, आईआईटी बॉम्बे की द्विजा अकेली महिला हैं जिसने सीआरएल 7 के साथ टॉप रैंक हासिल की है। द्विजा गुजरात की रहने वाली हैं।

**रिजल्ट** | **जेईई एडवांस्ड रिजल्ट में टॉपर्स की कामयाबी की कहानी**



## भोपाल के आदित्यराज कौशल ने मैथ्स में परफेक्सन से पाई कामयाबी

- केमिस्ट्री में 74, फिजिक्स में 90 और मैथ्स में 100 मार्क्स किए हासिल
- ऑल इंडिया रैंक 412 और उनके टोटल मार्क्स हैं 271

**बेधड़क** | नई दिल्ली

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT Madras) ने JEE एडवांस्ड रिजल्ट 2024 जारी कर दिया है। एग्जाम में इंदौर के वेद लाहोटी ने टॉप किया है। उन्हें कुल 360 में से 355 मार्क्स मिले हैं।

वहीं, भोपाल के आदित्य राज कौशल ने मध्यप्रदेश में टॉप किया है। उनकी ऑल इंडिया रैंक 412 है और उनके टोटल मार्क्स 271 हैं। उनके केमिस्ट्री में 74, फिजिक्स में 90 और मैथ्स में 100 मार्क्स आए हैं। आदित्य राज कौशल भोपाल के रहने वाले हैं और उनके माता-पिता दोनों ही एजुकेशनल बैकग्राउंड से हैं। उनकी मां असिस्टेंट प्रोफेसर हैं और पिता इंजीनियरिंग फील्ड से आते हैं। उन्होंने 10th स्टैंडर्ड के बाद पहली बार कोचिंग जॉइन की थी और उन्होंने बताया कि वो शुरुआत से ही मैथ्स में काफी अच्छे थे तो उन्हें लगा एक बार ट्राई किया जा सकता है।

### कोचिंग से सही मिला डायरेक्शन

आदित्य राज कौशल कहते हैं, 'मैंने कभी भी सेल्फ स्टडी नहीं की। मुझसे सेल्फ स्टडी नहीं हो पाती है लेकिन मुझे कोचिंग की वजह से सही डायरेक्शन मिला।'

### कामयाबी की चाबी बताया सही तैयारी को

आदित्य कहते हैं कि उन्हें कभी भी ऐसा नहीं लगा कि वो ये एग्जाम पास नहीं कर सकते। पढ़ने में सब अच्छा लगा है। वो कहते हैं JEE एग्जाम भी बास्केट बॉल की तरह है। अगर आपको एक बार खेलना आ गया तो बास्केट करना आसान हो जाता है। वो JEE मेंस में भोपाल से सेकेंड टॉपर थे, लेकिन इस बार उन्होंने सभी टॉपर्स को पीछे छोड़ दिया है।

# जहरीली हवाओं से किशोरों को बचाना होगा



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यावरण प्रदूषण 21वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है। लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं। प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए, वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं। लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है और वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार, वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक, डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है, बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं, जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है।

> "वायु प्रदूषण के विनाशकारी परिणाम सांस लेने से कहीं अधिक हैं। एक शोध के अनुसार यह चिंता, मनोभ्रंश, अवसाद और आपराधिक व्यवहार से भी जुड़ा है। किशोरों पर हुए एक अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से उनमें आपराधिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं, जिस पर समय रहते नियंत्रण जरूरी है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ एब्नॉर्मल चाइल्ड साइकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।"

शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है। प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह अध्ययन 'जर्नल ऑफ एब्नार्मल चाइल्ड साइकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है, जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है। इस अध्ययन का नेतृत्व करने वाली शोधकर्ता डायना योनान के अनुसार, प्रदूषण के लिए जिम्मेदार छोटे कणों को पार्टिकुलेट मैटर भी कहा जाता है। यह कण एक बाल के किनारे से भी 30 गुना छोटा होता है। यह कण स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक होते हैं।

अमेरिका की 'यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया की रिसर्च एसोसिएट योनान ने कहा, यह छोटे विषैले कण हमारे शरीर के भीतर प्रवेश करके हमारे फेफड़ों और दिल को प्रभावित करते हैं। उनके अनुसार पीएम 2.5 खासकर विकसित हो रहे मस्तिष्क के लिए नुकसानदायक होते हैं। क्योंकि यह मस्तिष्क की संरचना और तंत्रिका तंत्र को क्षति पहुंचाने के साथ ही किशोरों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। समय-समय पर हुए बहुत सारे अध्ययन यह बताते रहे हैं कि वायु प्रदूषण मस्तिष्क की गतिविधियों को प्रभावित करने में सक्षम है। अपराध को बढ़ावा देने के अलावा, यह मानसिक स्वास्थ्य में भी गंभीर गिरावट ला सकता है। मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट।

इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## भाजपा के लिए एजेंडे के अनुरूप कानून बनाना नहीं होगा आसान

# गठबंधन vs क्षेत्रीय दलों का राजनीति में उभार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> "बहरहाल क्षेत्रीय क्षत्रपों ने रणनीतिक रूप से एक होकर जता दिया है कि क्षेत्रीयता और जातियता की राजनीति से भारत अभी मुक्त नहीं होने जा रहा है। राहुल गांधी इसे संविधान बदलने और अनुसूचित जातियों व जनजातियों को आरक्षण से बाहर करने की धार देकर भाजपा नेतृत्व वाले राजग गठबंधन की इकतरफा जीत में दीवार बनकर खड़े हो गए। गोया, अब भाजपा के लिए एक देश एक चुनाव, जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिक संहिता जैसे कानून बनाने आसान नहीं होंगे।"

जिस तरह से शक्ति और सत्ता राजनीति के आधारभूत सिद्धांत माने जाते हैं, उसी तरह राजनीति से यह मान्यता भी जुड़ी है कि राजनीति में वही आगे बढ़ते हैं, जो अवसर का लाभ उठाकर उसे भुनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी के लिए गठबंध की राजनीति के बीते दस साल में लगभग यही पर्याय रहे हैं। बीते सालों में महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा-शिवसेना, अकाली दल और इनेलो से दशकों से चले आ रहे गठबंधनों का टूटना इन्हीं आशयों के परिणाम थे, लेकिन अब आए चुनाव परिणामों ने अकेली भाजपा को 240 सीटों पर सिमटा दिया। भाजपा स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें पीछे रह गई। हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन के पास 291 सीटें हैं। अतएव राजग बहुमत में है और एनडीए गठबंधन नेता के रूप में नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में रविवार को शपथ ले ली। यह भी सच है कि भाजपा यदि स्वयं 272 सीटें लाई होती तो उसकी पूर्व की तरह ठसक बनी रहती। नरेंद्र मोदी नेहरू के बाद देश के ऐसे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें मतदाता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहने का जनादेश दिया है। यह करिश्मा 62 साल बाद हुआ है, लेकिन अब पेंडुलम की तरह लटकी भाजपा को 16 सीटें जीतने वाले चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और 12 सीटें जीतने वाली नीतीश कुमार की जदयू से पूरे पांच साल वैशाखियों की तरह सहारा लेना पड़ेगा। फिलहाल एनडीए के सहयोगी दलों के साथ भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई है।

शक्ति अर्थ की हो या राजनीतिक सत्ता की, जब वह उम्मीद से ज्यादा हाथ लग जाती है तो महत्वाकांक्षाएं बेलगाम होने लगती हैं। लिहाजा 2014 और 2019 की अप्रत्याशित जीत के बाद भाजपा की जहां महत्वाकांक्षा बढ़ी, वहीं आत्मविश्वास प्रबल हुआ। नतीजतन नरेंद्र-अमित की युगल जोड़ी ने भाजपा को गठबंधन से मुक्ति के पंखों पर सवार कर दिया था। भाजपा चाहने लगी थी कि यदि राजनीतिक पहुंच वाले राज्य में उसकी अकेले दल के रूप में पकड़ मजबूत होगी तो वह कालांतर में गठबंधन की लाचारी से मुक्त होती चली जाएगी। इसी धारणा के चलते उसने अपने सबसे पुराने सहयोगी शिवसेना और अकाली दल से नाता तोड़ लिया था।



दरअसल भाजपा की जो राजनीति, संस्कृति और कार्यशैली है, कमोवेश वही शिवसेना की है। दोनों उग्र हिंदुत्व और राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकात्मवाद के अनुयायी हैं, लेकिन भाजपा गठबंधन में सहयोगी रहे जिस राज्य में भाजपा को सबसे बड़ा झटका लगा है, उसमें महाराष्ट्र प्रमुख है। 2014 और 2019 में महाराष्ट्र की 48 सीटों में से भाजपा-शिवसेना को 41 सीटें मिली थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री पद को लेकर दोनों दलों में बिगड़ गई। इसी के साथ राज्य की राजनीति में बदलाव आ गया। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस-एनसीपी के साथ मिकर सरकार बनाई तो भाजपा ने शिवसेना में विभाजन कर सरकार गिरा दी और एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। यही नहीं एकनाथ शिंदे की ही शिवसेना को असली होने का दर्जा मिल गया। साथ ही शरद पवार की एनसीपी के भी दो टुकड़े कर दिए। भतीजे अजीत पवार ने चाचा की पार्टी छीन ली।

हालांकि यह कदम उल्टा पड़ा। उद्धव और शरद पवार ने मराठी अस्मिता को मुद्दा बनाया और मतदाता की सहानुभूति बटोरने में सफल रहे। अब यहां सबसे ज्यादा 13 सीटें जीतकर कांग्रेस बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। शिवसेना-उद्धव को 9, एनसीपी-शरद को 7 सीटें मिली हैं। भाजपा को दस सीटों पर संतोष करना पड़ा है। चूंकि इस चुनाव में अजित पवार को मात्र एक सीट मिली है। इससे उनकी नेतृत्व क्षमता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। महाराष्ट्र में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के इन नतीजों का असर विधानसभा चुनाव पर भी दिखाई दे सकता है? अतएव महाराष्ट्र में अब कांग्रेस, एनसीपी-शरद और शिवसेना उद्धव के एक साथ आने से महाविकास अघाड़ी की ताकत बढ़ गई है, जो भाजपा को महंगी पड़ सकती है।

आंध्र प्रदेश में भाजपा के सहयोगी तेलगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने 16 सीटों पर जीत हासिल की है। आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में भी नायडू को सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिल गया है। नायडू ने कह भी दिया है कि आंध्रप्रदेश की जनता ने राजग के साथ हमारे गठबंधन पर भरोसा करके हमें बड़ी जीत दिलाई है। हम राजग के साथ है। साफ है, नायडू केंद्र सरकार में अपने सांसदों को मंत्री बनाकर भाजपा को ताकत देते रहेंगे। इधर बिहार में राजग गठबंधन ने बड़ी संख्या में सीटें हासिल करके लालू और तेजस्वी यादव को आईना दिखा दिया है। यहां चालीस सीटों में से 12 जदयू, 12 भाजपा, और पांच लोजपा ने जीती हैं। अतएव कहा जा सकता है कि चुनाव से पहले नीतीश कुमार के जदयू को साथ लाकर बड़े नुकसान से बच गई। बिहार के इन परिणामों से गठबंधन की महिमा को स्थापित किया है। जदयू नेता केसी त्यागी का कहना है कि चुनाव पूर्व राजग से गठबंधन को लेकर हमारी जो प्रतिबद्धताएं हैं, वे बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश और नायडू को अच्छी जीत के लिए बधाई दे दी है।

दस साल बाद इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय मुद्दों और क्षेत्रीय दलों का प्रभाव दिखाई दिया है। क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत स्थानीय मुद्दे और जातीयता होती है। देश के सबसे ज्यादा संसदीय 80 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में मायावती, मुलायम सिंह और अखिलेश यादव को जब भी सत्ता का सुख मिला है, उसमें यही राजनीति के गुण शामिल रहे हैं। यही सब दक्षिण भारत के राज्यों में क्षेत्रीय क्षत्रपों का दबदबा देखने में आया। तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर राज्य की सभी 39 सीटों पर जीत दर्ज करा ली है। आप के साथ मिलकर कांग्रेस ने पंजाब में सभी 10 सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में डलवा दी। पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय नेता ममता बनर्जी ने अपने जादू को बनाए रखा है। तृणमूल ने महिला और मुस्लिम मतदाताओं को साधकर 30 सीटों पर सफलता प्राप्त की। जबकि उसकी 2019 में 22 सीटें थीं। भाजपा को यहां 2019 में जीतीं 18 सीटों की तुलना में 2024 में 11 सीटों पर ही संतोश करना पड़ा है। ममता ने बंगाल में इंडिया के साथ कोई गठबंधन भी नहीं किया था। वे अकेली चलीं और उन्होंने भाजपा के सीएए एवं संदेशखाली के मुद्दों को नाकाम कर दिया। तय है, ममता आगे भी क्षेत्रीय क्षत्रप बनी रहेंगी। वे अब सीएए और एनआरसी का भी संसद में अपने सांसदों से मुखर विरोध कराएंगी। भाजपा के चर्चित चेहरे सुरेश गोपी ने केरल में जीत दर्ज कराकर एक बड़ी कामयाबी दर्ज की है।

भाजपा स्पषट बहुमत में जरूर नहीं है, लेकिन उसने अपनी पार्टी का विस्तार करते हुए ओडिशा में जबरदस्त दस्तक दी है। नवीन पटनायक के 24 साल से चले आ रहे राज को खत्म करके भाजपा ने जता दिया है कि वे पार्टी के देशव्यापी विस्तार के लिए संघर्ष करती रहेंगी। ओडिशा में भाजपा को दोहरी खुशी मिली है। यहां उसने लोकसभा की 21 सीटों में से 19 सीटें जीतकर अप्रत्याशित ढंग से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा दी है। दूसरी तरफ भाजपा को यहां हुए विधानसभा चुनाव में भी स्पष्ट बहुमत मिल गया है। विधानसभा की कुल 147 सीटों में से भाजपा ने 78 सीटों पर विजय हासिल की है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# फोन आया क्या?



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

रविवार की सुबह देश की राजधानी में सुबह से ही फोन की घंटियों की आवाज घनघना रही थी। किसी के फोन में ये घंटी सुनाई पड़ी, किसी को इसका आभास हो रहा था कि घंटी आ रही है। हर कोई अपने साथियों से पूछ रहा था,' फोन आया क्या?' कुछ को विश्वास था कि फोन आएगा, किसी को लग रहा था कि फोन आना चाहिए! कोई बेमतलब ही फोन की घंटी के इंतजार में था। फोन की घंटी पहले उत्सुकता जगाती थी। पर जब से ट्रू-कॉलर आया है, यह सस्पेंस भी खत्म हो गया है, लेकिन मेरे जैसे छुटकू फोन रखने वाले के साथ तो यह जिज्ञासा बनी हुई रहती है कि स्क्रीन में उभरता नंबर किसका है? क्या कोई शुभ सूचना है या कोई अशुभ खबर है? सुबह से मैं भी इंतजार में था कि कोई फोन आएगा। हमें ज्योतिषाचार्य पंडित घोटिया महाराज ने हाल ही में बताया था कि आपके जीवन में रविवार को कुछ अप्रत्याशित, अविश्वनीय घटना घटित होगी! अब रविवार को क्या होगा, सब जानते थे। आजकल चौंकाने वाले निर्णय भी तो हो रहे हैं! एकाध हारे हुए को भी फोन पर शुभ सूचना मिली है। फिर हम भी उम्मीद तो रख ही सकते हैं। बिल्ली के भाग का छींका टूटता है। क्या पता दिल्ली के भाग से हमारा खाली छींका टूटकर जमीन पर गिरे और खुशियों से भर जाए! इसी उम्मीद से हम फोन को साफ कर उससे चिपककर बैठे हुए थे।। क्या पता ऐसी लॉटरी हमारी भी लग जाए। रविवार के दिन.... सुबह की पहली घंटी बजी और बाज की मानिंद झपट्टा मारते हुए हमने फोन उठाया ,' जी, मैं ही बोल रहा हूं।'

'मैं ही का कोई नाम तो होगा?' सामने से आवाज़ आई।

'भाई नाम अभी बता नहीं सकता, क्या पता मीडिया के लोग सुन लें और खबर बनने से पहले ही ब्रेक कर दें? आप राजधानी से बोल रहे हैं न?' मैंने पूछा। 'जी नहीं, रोंग नंबर।'कहते हुए उसने बड़ी बेदर्दी से फोन काट दिया। हम मन मसोस कर रह गए। फोन रखा ही था कि फिर बज उठा। हमने फिर उठाया। 'हेलो , पंडित जी।'सामने से आवाज़ गूंजी।' सॉरी रोंग नंबर।'इस बार मैंने तुरंत फोन काटते हुए उत्तर दिया। पर फोन है कि चुप होने का नाम ही नहीं ले रहा था। फिर बजा। 'हां जी,फरमाएं। मैं बोल रहा हूं। एकदम तैयार बैठा हूं। बस आपके फोन का इंतजार ही था।'

'भाई जी, पिछले तीन महीने से परचून का बिल अटका हुआ है। यदि आप तैयार बैठे हैं तो आ जाऊँ?' मैंने,'रोंग नंबर कहते हुए फोन काट दिया। मुआ पंसारी था। कुछ देर फोन मौन रहा,लगा कुछ बोल रहा है। मौन की अपनी भाषा होती है! फोन फिर घनघनाया।

'हां जी, आज आपका दिन बेहद शुभ है।' इतना सुनते ही हम उछल पड़े। पैरों में घुंघुरू बंधे हुए से प्रतीत हुए। हम जमकर ठुमके लगाने लगे। लगा घोटिया महाराज की भविष्यवाणी सच होने जा रही है!

'अरे भईया जी, काहे नाच रहे हैं। क्या किसी डांस कंपीटीशन में हिस्सा ले रहे हैं? भईया, दिल्ली से गपड़चौथ क्रेडिट कार्ड कंपनी से बोल रहा हूं। आपको गोल्डन कार्ड मिल रहा है। बस केवाईसी के लिए कुछ सवालों के जवाब देने होंगे।'हमने एक झटके से फोन काटते हुए उसे पटक दिया। फिर घंटी बजी। हमने जानबूझकर नहीं उठाया। फिर मन में खयाल आया कि कहीं मौका चूक न जाएं और फोन उठा लिया। 'हेलो?' सामने से आवाज़ आई। 'हां जी, हां जी बोलिए। बस इसी दिन का इंतजार कर रहा था।'

'जी आपके लिए खबर है कि जो पुरस्कार आज आपको दिया जाना था ,उसमें बदलाव करते हुए अब आपके प्रतिद्वंद्वी चरणदास चितचोर को दिया जा रहा है। आपको हुई असुविधा के लिए खेद है।' यह सुनते ही अचानक नींद खुल गई। मोबाइल उठाकर देखा तो स्विच ऑफ था। मैं भूल गया था कि कल रात इसे मचकाते-मचकाते बैटरी खत्म हो गई थी।

## नॉलेज कॉर्नर: गर्मियों में टंकी में ठंडा रहेगा पानी

# ये उपाय अपनाकर पा सकते हैं गर्मी से राहत

भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है और कई राज्यों में इस वक्त पारा 50 के करीब पहुंच गया है। देश के उत्तरी और मध्य हिस्से में भीषण गर्मी से लोग त्रस्त हैं और यहां लू की स्थिति बनी हुई है। इतना ही नहीं गर्मी के कारण लोगों को नहाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, गर्मी के मौसम में छत पर रखी पानी की टंकी धूप से गर्म हो जाती है। इसके चलते टंकी का पानी खोलने लगता है। ऐसे में अगर आप इसी समस्या से जूझ रहे हैं तो कुछ नए तरीकों से आप अपनी टंकी का पानी ठंडा रख सकते हैं। इस उपाय से पानी को ठंडा रखने के साथ-साथ टंकी की उम्र भी बढ़ेगी। आज के नॉलेज में अधिक जानते हैं ऐसे ही उपायों के बारे में...

### थर्मोकोल से टंकी कवर करें

टंकी के पानी को गर्म होने से रोकने के लिए आप थर्मोकोल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको के टंकी को चारों ओर से थर्मोकोल को कवर करना होगा। थर्मोकोल एक अच्छा इंसुलेटर है, जो बाहरी तापमान को टंकी के अंदर तक पहुंचने से रोकता है और उसमें मौजूद पानी गर्म नहीं हो पाता। बता दें कि थर्मोकोल की परतें गर्मी को अब्सॉर्ब नहीं करतीं, जिससे पानी का तापमान लंबे समय तक कंट्रोल रहता है। पानी को ठंडा रखने के लिए आप टंकी को वाटर



टैंक इंसुलेशन कवर से ढक सकती हैं। यह कवर टंकी को बाहरी तापमान से सुरक्षित रखता है, जिससे गर्मी के मौसम में भी पानी को गर्म होने से बचाता है।

### टिन की चादर से ढकें

अगर आप भी टंकी का पानी गर्म होने से परेशान हैं और उससे बचना चाहते हैं तो इसके लिए अपनी टंकी को टीन की चादर से ढकें। इसके लिए आपको टीन की चादर को गोलाकार में होगा और टंकी को कवर करना होगा। वहीं, टंकी और टीन के बीच खाली जगह में रेत या भूसा भर सकते हैं। इससे टंकी का पानी ठंडा रखने में मदद मिलती है। यह पानी इतना गर्म हो जाता है कि इससे नहाना तो छोड़िए कई बार हाथ धोना भी मुश्किल हो जाता है। गर्मी में तेज धूप की वजह से टंकी का पानी सुबह 9 बजे से ही गर्म हो जाता है। ऐसे में सुबह ऑफिस या कॉलेज जाने वालों को दिक्कत होने लगती है।

### जूट के कट्टे का करें इस्तेमाल

*आप टंकी का पानी ठंडा रखने के लिए टंकी को मोटे कट्टे से ढक सकते हैं। इससे धूप सीधे टंकी पर नहीं पड़ेगी और पानी भी गर्म नहीं होता। इसके लिए आपको टंकी के साइज के हिसाब से कट्टे को आपस में सिलकर टंकी को ढकना होगा। कट्टे आपकी टंकी को सूरज की किरणों से बचाने का भी काम करते हैं।*

*कंटेंट: गोपाल शर्मा*

**X**



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
शहर हो या गांव, 'हर घर शुद्ध जल' की उपलब्धता हमारी सरकार का लक्ष्य है। हमारी सरकार जल जीवन मिशन के माध्यम से राजस्थान के प्रत्येक घर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु मिशन मोड में सतत क्रियाशील है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
उत्तर प्रदेश में चयन परीक्षाओं की शुचिता पारदर्शिता और गोपनीयता को सुनिश्चित करने हेतु हम पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने NEET परीक्षा विवाद को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना

# 24 लाख छात्रों को हुआ नुकसान... मैं बनूंगा उनकी आवाज: राहुल गांधी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण से पूर्व उन पर निशाना साधा और कहा कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं के कारण 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे।

नीट-यूजी में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पीएम मोदी के शपथ ग्रहण से पूर्व लिखी एक पोस्ट में कहा, नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली



है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। ज्ञात रहे कि मोदी ने बाद में पीएम पद की तीसरी बार श्पथ ग्रहण की।

ज्ञात रहे कि कई दलों ने मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा की प्रामाणिकता पर चिंता जताई है। बता दें कि कांग्रेस ने शुक्रवार को मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए एनईईटी में अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच की मांग की और भाजपा पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य के साथ खेलने का आरोप लगाया।

#### एक ही परीक्षा केंद्र से 6 छात्र टॉप पर

राहुल ने कहा कि एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतम अंकों के साथ परीक्षा में टॉपर रहे, जबकि कई छात्रों को ऐसे अंक मिले जो तकनीकी रूप से संभव नहीं हैं, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शिक्षा माफिया और सरकारी मशीनरी की मिलीभगत से चल रहे इस 'पेपर लीक उद्योग' से निपटने के लिए एक मजबूत योजना बनाई थी। उन्होंने कहा, हमने अपने घोषणा पत्र में कानून बनाकर छात्रों को प्रश्न पत्र लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था।

#### युवाओं की आवाज नहीं दबने देंगे

राहुल गांधी ने कहा, युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है और यह गठबंधन उनकी आवाज को दबने नहीं देगा। वहीं, एनटीए ने किसी भी अनियमितता को नकराते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव और परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग ले लिया है और कई दलों ने इन परीक्षा की विश्वसनीयता को लेकर चिंता जताई है। कांग्रेस ने नीट में अनियमितताओं की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।

---

### भाजपा को वोट न देने पर मराठों पर हमले का आरोप



**जालना (महाराष्ट्र)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा उम्मीदवार को वोट नहीं देने पर मराठाओं पर हमला हुआ। जरांगे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल, जरांगे अंतरवाली सारथी गांव में अपने अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हुए है। रविवार को उनके अनशन का दूसरा दिन है। इसी दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भाजपा की पंकजा मुंडे को वोट न देने के लिए हमला किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि जारंगे ने शनिवार को अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया।

### बिरसा मुंडा का जीवन राष्ट्र सेवा का अद्वितीय उदाहरण

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को आदिवासी नेता बिरसा मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। 15 नवंबर, 1875 को झारखंड में जन्मे मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया था। 9 जून, 1900 को हिरासत में रहते हुए 25 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। सोरेन ने कहा कि बलिदानों से भरा बिरसा मुंडा का जीवन राष्ट्र सेवा का एक अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से बहुत पहले ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई में उनके द्वारा दिखाया गया पराक्रम और साहस अनुकरणीय है। वहीं झारखंड के राज्यपाल ने लिखा, मातृभूमि की रक्षा के लिए उनका अटूट साहस और संघर्ष हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

---

### भाजपा की दक्षिण भारत में विस्तार पर नजर, 13 नेता बने मंत्री

# सहयोगी पार्टियों TDP व JD(S) को मिले 3 मंत्री पद, केरल को भी नवाजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दक्षिण भारत की 130 लोकसभा सीटों में से भाजपा को भले ही 29 सीटें मिली हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने नए मंत्रिमंडल के गठन में दक्षिण भारत को खास नजर रखी। भाजपा की नजर दक्षिण भारत में पार्टी के विस्तार पर टिकी है और इस बात को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने कर्नाटक के अपने किले का मजबूत करने के साथ ही अन्य राज्यों में पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समुचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया है। पीएम मोदी ने कर्नाटक,तमिलनाडु, केरल,आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 13 नेताओं को अपनी मंत्रिपरिषद में जगह दी है। वहीं, माध्यम से भाजपा दक्षिणी राज्यों में अपने सहयोगियों को पुरस्कृत करती नजर आई है। रविवार को शपथ ग्रहण करने वाले दक्षिण भारत के प्रमुख नेताओं में निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, जे किशन रेड्डी (भाजपा) और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जनता दल-सेक्युलर) शामिल हैं।



#### तेलुगु देशम के दो सांसद बने मंत्री

आंध्र प्रदेश से विजयी हुए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) दो सांसदों राममोहन नायडू (टीडीपी, कैबिनेट मंत्री) व चंद्रशेखर पेम्मासानी (टीडीपी, राज्य मंत्री) को मंत्री बनाया गया है। वहीं आंध्र प्रदेश के ही भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा को भी राज्य मंत्री बनाया गया है। आंध्र प्रदेश में एनडीए ने 25 लोकसभा सीट में से 21 पर जीत हासिल की है। राज्य में राजग के घटक के तौर पर भाजपा, टीडीपी और जनसेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। आंध्र प्रदेश में भाजपा ने 3 सीट पर जीत दर्ज की है।

#### कर्नाटक से पांच मंत्री

कर्नाटक में भाजपा की सहयोगी जनता दल (सेक्युलर) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को केंद्रीय मंत्री बनाया गया है। कर्नाटक में राजग को 28 में से 19 सीट मिली है। इनमें भाजपा की 17 और जनता दल (सेक्युलर) की 2 सीट शामिल हैं। कुमारस्वामी के अलावा कर्नाटक से निर्मला सीतारमण (राज्यसभा, कैबिनेट मंत्री), प्रह्लाद जोशी (कैबिनेट मंत्री), वी सोमन्ना (राज्य मंत्री), शोभा करांदलाजे (राज्य मंत्री) को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

#### केरल को मिल दो मंत्री पद

केरल से भाजपा के पहले सांसद सुरेश गोपी को भी राज्यमंत्री पद दिया गया है। गोपी केरल के इतिहास में एकमात्र भाजपा सांसद हैं। गोपी की ख्याति मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महानायक अमिताभ बच्चन जैसी है। इसके अलावा केरल के जार्ज कुरियन को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। तमिलनाडु से निर्वाचित एल मुरुगन को दोबारा राज्य मंत्री के रूप में मौका दिया गया है। तेलंगाना से निर्वाचित बंडी संजय कुमार को भी राज्यमंत्री के रूप में शामिल किया गया है।

#### जनसेना को लोकसभा उपाध्यक्ष का पद संभव

आंध्र प्रदेश में 2 सीट पर जीत दर्ज करने वाली जनसेना को लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मिलने की संभावना है।

#### तेलंगाना से दो मंत्री

तेलंगाना में भाजपा को भारी सफलता मिली है और उसने राज्य की 17 सीट में से 8 पर जीत दर्ज की है। राज्य से बंडी संजय और जी किशन रेड्डी के केंद्रीय मंत्री परिषद में शामिल किया गया है।

#### दक्षिण को लेकर बैठक में खुश नजर आए पीएम मोदी

इससे पहले राजग संसदीय दल की बैठक में भी नरेंद्र मोदी गदगद दिखे। उन्होंने केरल में पार्टी के खाता खुलने, आंध्र प्रदेश में 3 सीटें और तेलंगाना में 8 सीटों पर जीत का जिक्र किया। पीएम मोदी ने तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई की पीठ थपथपाई।

---

### ओडिशा में CM पद को लेकर सस्पेंस जारी

# भाजपा किसी सांसद को सीएम बनाने की इच्छुक नहीं!

■ शपथ ग्रहण समारोह आज होने की उम्मीद

**एजेंसी** | भुवनेश्वर

ओडिशा में भाजपा को विधानसभा चुनाव में मिली शानदार सफलता के बाद राज्य के मुख्यमंत्री पद के लिए नाम को नाम को लेकस सस्पेंस जारी है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि नाम की घोषणा जल्द हो जाएगी। उम्मीद की जारही है कि 10 जून को संभावित शपथ ग्रहण समारोह के पहले नाम की घोषणा कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे राज्य में पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान को फिर से केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया है।

प्रधान के अलावा मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांड्या, भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी और बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी तथा जुएल ओराम का नाम भी चर्चा में हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा नहीं चाहती कि कोई भी सांसद मुख्यमंत्री बने। केंद्र में इस बार गठबंधन की सरकार है। ऐसे में सांसदों की संख्या बहुत मायने रखती है। ऐसे में धर्मेंद्र प्रधान और जुएल ओराम का नाम पीछे हो जाते हैं।

#### राजभवन में जारी हैं तैयारियां

रिपोर्ट्स के मुताबिक , फिलहाल शपथ ग्रहण की तैयारियां राजभवन में चल रही हैं। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी हिस्सा ले सकते हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई भी समारोह में शिरकत कर सकते हैं। ओडिशा में बीते 24 साल से बीजू जनता दल की ही सरकार थी। अब भाजपा के बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाने जा रही है। ज्ञात रहे कि भाजपा ने 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा में से 78 सीट जीतकर चुनावों में बहुमत हासिल किया।

1985 बैच के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी गिरीश चंद्र मुर्मू का नाम भी सीएम पद के लिए लिया जा रहा है। वह गुजरात में नरेंद्र मोदी की सरकार में उनके प्रधान सचिव थे। 2002 में गुजरात के दंगों के वक्त भी उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी।

---

### AAP ने हरियाणा के CM को लिखा पत्र, कहा-

# दिल्ली के लिए पानी की मात्रा नहीं बढ़ाई तो आने वाले दिनों में और गहराएगा जल संकट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली में जल संकट को लेकर जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के सीएम को पत्र लिखकर दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सात वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मुनक के पानी पर निर्भर हैं। अगर आज पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो अगले कुछ दिनों में दिल्ली में जल संकट और गहरा जाएगा। आतिशी ने इससे पहले शनिवार को बवाना स्थित मुनक नहर की दो उप नहरों का दौरा किया था। यहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि पिछले



सात दिनों से लगातार हरियाणा कम मात्रा में पानी भेज रहा है। मुनक नहर से दिल्ली को 1050 क्यूसेक पानी मिलता है, लेकिन अभी यह कम होकर 840 क्यूसेक तक रह गया है। निरीक्षण के बाद आतिशी प्रेस वार्ता में कहा कि मुनक नहर से अगर दिल्ली को उसके हिस्से का पानी कम मिलेगा तो इसका असर दिल्ली के सातों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर पड़ेगा। ऐसा होने पर शहर में अगले कुछ दिनों में पानी की समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।

#### हरियाणा-दिल्ली समझौते में यह है प्रावधान

आतिशी ने कहा कि हरियाणा और दिल्ली के बीच समझौते के अनुसार हरियाणा को रोज़ाना 1050 क्यूसेक पानी मुनक नहर के जरिए दिल्ली के लिए छोड़ना होता है और पिछले 5 साल के डेटा के अनुसार गर्मी के मौसम में गर्मी के कारण इसमें से 1040 से 990 क्यूसेक पानी दिल्ली तक पहुंचता है जिसे दिल्ली में बवाना कांटैक्ट पॉइंट पर फ्लो मीटर से मापा जाता है।

---

### पीएम मोदी ने रामोजी के निधन पर जताया शोक, कहा...

# कांग्रेस ने NTR को परेशान किया तो रामोजी ने किया था विरोध

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामोजी राव के निधन के बहाने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार ने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के संस्थापक एनटी रामाराव को परेशान किया तो राव ने सरकार के अलोकतांत्रिक प्रयासों का विरोध किया था। 1980 के दशक में उनकी सरकार को बर्खास्त कर दिया गया था। मोदी ने रामोजी राव के निधन पर शोक जताते हुए ईनाडु में एक लेख लिखा है। लेख में उन्होंने कहा, वह (रामोजी राव) लोकतांत्रिक



सिद्धातों में मजबूती से भरोसा रखते थे। जब कांग्रेस ने एनटीआर को परेशान किया और उनकी सरकार को अनौपचारिक रूप से बर्खास्त कर दिया, उस समय केंद्र और आंध्र प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में थी। लेकिन वह डरने वालों में नहीं थे। उन्होंने इन अलोकतांत्रिक प्रयासों का विरोध किया।

#### विकास के लिए जुनूनी थे रामोजी राव

लेख में आगे कहा गया है कि अपनी पेशेवर उपलब्धियों से परे रामोजी राव भारत के विकास के प्रति जुनूनी थे। उनके प्रयासों ने न्यूजरूम से आगे बढ़कर शैक्षिक, सामाजिक, व्यावसायिक और सामाजिक मुद्दों पर प्रभाव डाला। मोदी ने कहा कि केंद्र और आंध्र प्रदेश में जल्द ही बनने वाली एनडीए की सरकारें राष्ट्र और समाज के लिए राव के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए काम करती रहेंगी।

---

### ओडिशा की सियासत में उथल-पुथल

# पटनायक के करीबी पांडियान ने लिया राजनीति से संन्यास, मांगी माफी

**एजेंसी** | भुवनेश्वर

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजेडी) की करारी हार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी वी के पांडियन ने सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने बीजद के कार्यकर्ताओं से माफी भी मांगी है। एक दिन पहले शनिवार को नवीन पटनायक ने पांडियन की काफी तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने एक अफसर के तौर पर बहुत अच्छा काम किया। ज्ञात रहे कि ओडिशा विधानसभा चुनावों में पांडियन विपक्ष के निशाने पर रहे थे। भाजपा ने उनको लेकर



बीजद पर निशाना साधा था। कहा जाने लगा था कि पांडियान नवीन पटनायक के उत्तराधिकारी हैं। पांडियन नवंबर, 2023 में बीजद में शामिल हुए थे। पांडियन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि राजनीति में शामिल होने का मेरा उद्देश्य नवीन बाबू की सहायता करना था और अब सचेत रूप से मैंने सक्रिय राजनीति से हटने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, अगर मैंने अपनी इस राजनीतिक यात्रा में किसी को ठेस पहुंचाई है तो मुझे खेद है। उन्होंने कहा, अगर उनके खिलाफ चले अभियान के कारण बीजू जनता दल को हार का सामना करना पड़ा है तो उन्हें खेद है। मैं पूरे बीजू परिवार से माफी मांगता हूं। उन्होंनें यह भी कहा कि उनके बारे में झूठा अभियान चलाया गया।

गौरतलब है कि यह घटनाक्रम नवीन पटनायक के उस बयान के बाद हुआ है जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वीके पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं। 2024 के चुनावों से पहले, पांडियन ने घोषणा की थी कि अगर नवीन पटनायक छठी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने में विफल रहे तो वह सक्रिय राजनीति छोड़ देंगे।

#### यह कहा था नवीन पटनायक ने

ओडिशा के लोग तय करेंगे कि मेरा उत्तराधिकारी कौन होगा। पांडियन पार्टी के सदस्य हैं और उनकी आलोचना दुर्भाग्यपूर्ण थी। वह पार्टी में शामिल हुए और किसी पद पर नहीं रहे। उन्होंने एक भी चुनाव नहीं लड़ा। उन्होंने पिछले 10 सालों में अलग-अलग क्षेत्रों में अच्छा काम किया है। वह एक निष्ठावान और ईमानदार व्यक्ति हैं और उन्हें इसके लिए याद किया जाना चाहिए।

#### चुनावी हार के बाद से निशाने पर थे पांडियन

विश्लेषकों के अनुसार पार्टी की चुनावी हार के बाद पांडियन बीजद के भीतर निशाने पर थे। हाल ही में युवा बीजद नेताओं ने भुवनेश्वर में एक बैठक के दौरान पांडियन और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ खुले तौर पर नारेबाजी की थी। राजनीतिक विश्लेषक यह भी कहते हैं कि यह ओडिशा की राजनीति और बीजद के भीतर चल रहे एक बड़े नाटक का अंत है। पांडियन राजनीति में प्रवेश के छह महीने के भीतर ही बीजद में सबसे ताकतवर बन गए थे। हालांकि, बीजद अध्यक्ष ने पांडियन को क्लीन चिट देने की कोशिश की, लेकिन ऐसा लगा कि वह लिखित स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। पांडियन ने महसूस किया है कि ओडिशा अब उनके लिए सुरक्षित नहीं है। उनके पास बीजद छोड़ने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था।

#### वीआरएस लेकर आए थे राजनीति में

2000 बैच के पूर्व आईएएस अफसर पांडियन वीआरएस लेकर राजनीति में आए थे। 2019 में जब बीजद ने राज्य में जीत हासिल की थी तो उसमें पांडियन की बड़ी भूमिका मानी गई थी। 2024 चुनावों के पहले विपक्ष की तरफ उन्हें सुपर सीएम बताया गया था।

#### लोस में एक भी सीट नहीं मिली बीजद को

लोकसभा चुनावों में ओडिशा की 21 सीटों में 20 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। कांग्रेस को एक सीट मिली है। बीजद का खाता नभी हीं खुला। वहीं, बीजद को ओडिशा विधानसभा चुनावों में इस बार सिर्फ 51 सीटें मिली हैं। राज्य में भाजपा पहली बार सरकार बना रही है। भाजपा को अपने बूते पर बहुमत मिला है। पार्टी ने 78 सीटों पर जीत हासिल की है। कांग्रेस को 14 सीटों पर जीत हासिल हुई। एक सीट पर सीपीआई (एम) को जीत मिली है।

## शहीदों के श्रद्धांजलि




## बापू को नमन... वाजपेयी का स्मरण






*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण से पूर्व नई दिल्ली में स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचे और वहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के स्मारक स्थल पर भी पहुंचे और उनको भी श्रद्धांजलि अर्पित की।*

## जरूरी खबर

### जयंत चौधरी: तीसरी पीढ़ी भी बनी केंद्र में मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी 3.0 सरकार रविवार राज्यमंत्री के रूप में शामिल जयंत चौधरी ने अंग्रेजी में शपथ ली। जयंत के केद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होते ही कई रिकॉर्ड भी बन गए हैं। यूपी से जयंत चौधरी इकलौते ऐसे सांसद हो गए हैं जिनके दादा और पिता भी केंद्र में मंत्री रहे हैं। चौधरी परिवार की दस साल बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में वापसी हुई है। जयंत के पिता अजित सिंह मनमोहन सिंह, वीपी सिंह नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे थे। इससे पहले जयंत के दादा चरण सिंह वर्ष 1977 में देश के गृहमंत्री बने और 1979 में उप प्रधानमंत्री के साथ वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बने थे। चरण सिंह ने बागपत सीट से तीन बार चुनाव लड़ा और संसद पहुंचे थे।

### पंजाब पर नजर हारे फिर भी मंत्री बने बिट्टू

**नई दिल्ली।** पंजाब में भले ही भाजपा को एक भी सीट नहीं मिल पाई लेकिन पंजाब भाजपा के नेता रवनीत सिंह बिट्टू को उनकी मेहनत का ईनाम मिला है। बिट्टू भाजपा के ऐसे नेता हैं जो अपनी सीट गंवाने के बाद भी मोदी के मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं। बिट्टू ने रविवार मोदी सरकार में राज्य मंत्री पद की शपथ ली। बिट्टू लुधियाना से कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग से भारी अंतर से लोकसभा चुनाव हार गए थे। बावजूद इसके पंजाब भाजपा के नेता मोदी 3.0 कैबिनेट में शामिल हुए। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्रियों को नसीहत

# विनम्र रहें... ईमानदारी से नहीं करें समझौता



### टीम भावना से करें काम

पीएम मोदी ने कहा, टीम के रूप में और टीम भावना से काम कीजिए और ...आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते। गौरतलब है कि वर्ष 2014 में मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब से यह परंपरा बन गई है कि मोदी मंत्रिपरिषद के गठन से पहले नेताओं को चाय पर बुलाते हैं, उनसे चर्चा करते हैं और उन्हें सलाह के साथ-साथ नसीहत भी देते हैं।

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी नवगठित सरकार के सभी मंत्रियों को रविवार को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही मोदी ने उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण से पहले नामित मंत्रियों के साथ चाय पर चर्चा के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इन्हें पूरा करना होगा। उन्होंने निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और नए नामित मंत्रियों को संबोधित करते हुए कहा, आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उनसे यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को आदर व सम्मान दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। मोदी ने कहा कि मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों का भी सम्मान करना चाहिए।



*पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे विदेश मेहमान राष्ट्रपति मुर्मू के साथ।*

## पं. नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार PM बने मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव में राजग की जीत के बाद लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता हैं जिन्होंने लगातार तीसरी बार देश के शीर्ष पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। नेहरू 1947 से स्वतंत्रता के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी। 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने।

## किस राज्य से कितने मंत्री

### उत्तर प्रदेश
- राजनाथ सिंह (कैबिनेट मंत्री)
- हरदीप पुरी (राज्यसभा, कैबिनेट मंत्री)
- जयंत चौधरी (राज्यसभा, स्वतंत्र प्रभार, राज्यमंत्री)
- जितिन प्रसाद (राज्य मंत्री)
- पंकज चौधरी (राज्य मंत्री)
- अनुप्रिया पटेल (राज्य मंत्री)
- एसपी सिंह बघेल (राज्य मंत्री)
- कीर्तिवर्धन सिंह (राज्य मंत्री)
- बीएल वर्मा (राज्य मंत्री)
- कमलेश पासवान (राज्य मंत्री)

### बिहार
- जीतनराम मांझी (हम, कैबिनेट मंत्री)
- राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (जेडीयू, कैबिनेट मंत्री)
- गिरिराज सिंह, (कैबिनेट मंत्री)
- चिराग पासवान (एलजेपी-रामविलास, कैबिनेट मंत्री)
- रामनाथ ठाकुर (राज्यसभा, राज्यमंत्री)
- नित्यानंद राय (राज्य मंत्री)
- सतीश दुबे (राज्यसभा, राज्य मंत्री)
- राजभूषण चौधरी

### गुजरात
- अमित शाह (कैबिनेट मंत्री)
- जेपी नड्डा (राज्यसभा, कैबिनेट मंत्री)
- जयशंकर (राज्यसभा, कैबिनेट मंत्री)
- मनसुख मंडाविया (कैबिनेट मंत्री)
- सीआर पाटिल (कैबिनेट मंत्री)
- नीमूबेन बमभानिया (राज्य मंत्री)

### महाराष्ट्र
- नितिन गडकरी (कैबिनेट मंत्री)
- पीयूष गोयल (कैबिनेट मंत्री)
- प्रताप राव जाधव (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार)
- रामदास अठावले (राज्य मंत्री)
- रक्षा खड़से (राज्य मंत्री)
- मुरलीधर मोहोल (राज्य मंत्री)

### मध्य प्रदेश
- शिवराज सिंह चौहान (कैबिनेट मंत्री)
- डॉ. वीरेंद्र कुमार (कैबिनेट मंत्री)
- ज्योतिरादित्य सिंधिया (कैबिनेट मंत्री)
- एल मुरुगन (राज्यसभा, राज्य मंत्री)
- दुर्गादास उइके (राज्य मंत्री)
- सवित्री ठाकुर (राज्य मंत्री)

### कर्नाटक
- निर्मला सीतारमण (राज्यसभा, कैबिनेट मंत्री)
- एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस, कैबिनेट मंत्री)
- प्रह्लाद जोशी (कैबिनेट मंत्री)
- वी सोमन्ना (राज्य मंत्री)
- शोभा करांदलाजे (राज्य मंत्री)

### हरियाणा
- मनोहर लाल (कैबिनेट मंत्री)
- राव इंद्रजीत सिंह (राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार)
- कृष्णपाल गुर्जर (राज्य मंत्री)

### ओडिशा
- धर्मेंद्र प्रधान (कैबिनेट मंत्री)
- जुएल ओरांव (कैबिनेट मंत्री)
- अश्विनी वैष्णव (राज्यसभा, कैबिनेट मंत्री)

### असम
- सर्बानंद सोनेवाल (कैबिनेट मंत्री)
- पवित्रा मार्गेरिटा, (राज्यसभा, राज्यमंत्री)

### आंध्र प्रदेश
- राममोहन नायडू (TDP, कैबिनेट मंत्री)
- चंद्रशेखर पेम्मासानी (TDP, राज्य मंत्री)
- भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा (राज्य मंत्री)

### झारखंड
- अन्नपूर्णा देवी (कैबिनेट मंत्री)
- संजय सेठ (राज्य मंत्री)

अरुणाचल प्रदेश
- किरण रिजिजू (कैबिनेट मंत्री)

### तेलंगाना
- जी किशन रेड्डी (कैबिनेट मंत्री)
- बंडी संजय कुमार (राज्य मंत्री)

### जम्मू-कश्मीर
- जितेंद्र सिंह (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार)

### गोवा
- श्रीपद यशो नाइक (राज्य मंत्री)

### पश्चिम बंगाल
- शांतनु ठाकुर (राज्य मंत्री)
- सुकांता मजूमदार (राज्य मंत्री)

### केरल
- सुरेश गोपी (राज्य मंत्री)
- जॉज कुरियन ( राज्य मंत्री)

### उत्तराखंड
- अजय टम्टा (राज्य मंत्री)

### पंजाब
- रवनीत सिंह बिट्टू (राज्य मंत्री)

### छत्तीसगढ़
- तोखन साहू (राज्य मंत्री)

### नई दिल्ली
- हर्ष मल्होत्रा (राज्य मंत्री)

## J&k में श्रद्धालुओं पर आतंकी हमला

# गोलीबारी के बाद बस खाई में गिरी, 10 लोगों की मौत

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को संदिग्ध आतंकवादियों की गोलीबारी के बाद तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है और 33 लोग घायल हो गए हैं। घटना रविवार की शाम लगभग छह बजे की बताई जाती है। रियासी एसएसपी मोहिता शर्मा ने 10 यात्रियों के मारे जाने की पुष्टि की है। अधिकारियों ने शुरुआती जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों की बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में हमला किया। उन्होंने बताया कि पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों






के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। यात्रियों से भरी बस शिवखोड़ी से कटरा लौट रही थी। बस में 45 यात्री सवार थे। पौनी और शिवखोड़ी के बीच कंडा त्रयाठ इलाके में चंडी मोड़ के पास पहले से घात लगाए बैठे आतंकियों ने बस के आगे आकर फायरिंग की। एसएसपी रियासी मोहिता शर्मा ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि आतंकवादियों की गोलीबारी के कारण बस चालक ने बस से संतुलन खो दिया और बस लगभग 200 फीट गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान पूरा हो चुका है। यात्रियों की पहचान की अभी पुष्टि नहीं हुई है, वे स्थानीय नहीं हैं। मीडिया रिपोर्टों अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को गहरी खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। बस खाई में गिरने के बाद कई लोगों के शव मौके पर पड़े हुए थे। कुछ शव पेड़ पर भी फंसे दिखे।

### देशभर से श्रद्धालु आते हैं श्री शिव खोड़ी

बता दें श्री शिव खोड़ी गुफा जिला रियासी में स्थित मंदिर के आधार शिविर रनसू से लगभग 4.0 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां देश के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालु भगवान शिव का दर्शन करने के लिए आते हैं। गुफा की विशिष्ट विशेषता प्राकृतिक रूप से निर्मित 4 फीट ऊंचा 'शिवजी महाराज लिंगम' है। गुफा के अंदर पत्थरों पर अंकित अन्य प्राकृतिक देवता भी मौजूद हैं। ये देवता हिंदू देवताओं के प्रतीक हैं। श्री शिव खोड़ी श्राइन बोर्ड का गठन 2003 में किया गया था। इसके बाद 11 फरवरी 2008 को जम्मू-कश्मीर राज्य विधानमंडल ने श्री शिव खोड़ी तीर्थ के बेहतर प्रबंधन, प्रशासन और शासन के लिए एक अधिनियम पारित किया, जिसका नाम था 'जम्मू और कश्मीर श्री शिव खोड़ी तीर्थ अधिनियम 2008' रखा गया था।

### सेना जैसे कपड़े पहने आतंकी ने की फायरिंग

मौके पर एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सेना की तरह के कपड़े पहने एक आतंकी ने अचानक बस के आगे आकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। चालक को गोली लगते ही चालक ने संतुलन खो दिया और बस गहरी खाई में जा गिरा।

### फिल्म और टीवी एक्टर रवींद्र मंच पर मीडिया से हुए रूबरू, शेयर की जर्नी

# पेपर लीक जैसे मुद्दों पर नाटक लिखना और उनका मंचन करना बेहद जरूरी

**बेधड़क.जयपुर।** 'ओटीटी को कहां-कहां सेंसर करेंगे आप? बडे पर्दे पर कई अटैक हुए और लांछन लगे। जब टेलीविजन आया था तो लोगों ने कहा था कि बड़ा पर्दो खत्म हो जाएगा। मेरे लिए तो फिल्में, सीरियल और थिएटर सब समान हैं और मैं किसी एक को चूज नहीं कर सकता हूं।' यह कहना था बॉलीवुड एक्टर राकेश बेदी का, जो जयपुर के रवींद्र मंच पर बच्चों और जयपुराइट्स के साथ मीडिया से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने कई समसामायिक मुद्दों पर बात करते हुए अपनी जर्नी शेयर की। बेदी ने थिएटर के बारे में कहा कि जो थिएटर करते हैं वे करते ही हैं। कुछ और आ जाने से उनको ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। बात की जाए ओटीटी की तो वह भी एक चैनल है पैसा कमाने या टैलेंट दिखाने का। फिर भी यदि आप थिएटर के लिए पेशेनेट हैं तो आप वो करोगे ही



फोटो: पंकज शर्मा



### ओटीटी टैलेंट दिखाने का जरिया, थिएटर नहीं लेता ज्यादा समय

एक्टर ने थिएटर के बारे में कहा कि ये भ्रम है कि थिएटर ज्यादा समय मांगता है। ऐसा कुछ भी नहीं है। आप एक प्ले 15 से 20 दिन में तैयार कर लेते हैं और फिर सिर्फ एक शाम आपसे थिएटर मांगता है जब आप उसे प्ले करते हैं। मैंने भी बहुत प्ले लिखे और डायरेक्ट भी किए हैं। देखा जाए तो थिएटर आपको लाइव रखता है। इससे आदमी के रिएक्शन शार्प रहते हैं।



### सामाजिक मुद्दों पर नाटक होने चाहिए

पेपर लीक पर नाटक बनने की जरूरत के सवाल पर उन्होंने कहा कि हां ऐसे नाटक बनने की जरूरत है। नाटक समाज का दर्पण हैं और एक-दूसरे के प्रतिबिंब हैं। उन्होंने अपनी पहली चॉइस के बारे में कहा कि फिल्म, थिएटर और सीरियल्स में से किसी एक को चुनने का मतलब है कि तीन बच्चों में से किसी एक को चुनना। मेरे लिए सब समान हैं और सबके लिए समय-समय पर काम करता हूं। मूवी, थिएटर अैर सीरियल सब अपनी-अपनी जगह पर हैं।

### यहां किया पार्टिसिपेट

बेदी रवींद्र मंच पर 17वें कोलाज ऑफ किलकारी के कल्मिनेशन में रूबरू हो रहे थे। कला संस्कृति विभाग राजस्थान, ललित कला अकादमी, क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर, रवींद्र मंच और हिमालयीय यूनिवर्सिटी उत्तराखंड की ओर से आयोजित कोलाज ऑफ किलकारी में बच्चों ने विभिन्न एक्टिविटी की। लगभग 90 स्टूडेंट्स ने रवींद्र मंच पर आउटडोर और मुख्य मंच पर क्रिएटिव नाट्य प्रस्तुतियां दीं।

### बच्चों को दिए खानपान के टिप्स




**बेधड़क. जयपुर।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में शिशु व बाल रोग विशेहज्ञ डाक्टर विवेक शर्मा ने फेथ संस्थान (एचआईवी बच्चों के लिए कार्यरत) में बच्चों को खानपान के टिप्स दिए। डॉक्टर शर्मा ने खानपान की स्वच्छता व गुणवाता पर प्रकाश डाला। संस्थान के बच्चों ने स्वयं की बनाई गांधी की पेंटिंग उनको भेंट की। कार्यक्रम में संस्था की सचिव स्मृति सिंह व प्रभारी मनमोहन सिंह मोजूद रहे।

### 'सोने के होटल' में मशाल कैंपेन

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-जिफ की ओर से हनोई वियतनाम में विश्व सिनेमा के लिए अंतरराष्ट्रीय मशाल अभियान का आयोजन किया जाएगा। आयोजन सोने की परत चढ़ी होटल में होगा। होटल के दरवाजे, खिड़कियां, फर्नीचर, नल, वॉशरूम समेत हर चीजों को बनाने में सोना का इस्तेमाल किया गया है। होटल में खाने के बर्तन भी सोने के हैं।

### खाटू के लिए नि:शुल्क बस 11 को



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुरवासी 15वीं नि:शुल्क बस सेवा से खाटू बाबा के दर्शन करेंगे और जयकारों के साथ उत्सव मनाएंगे। इसके लिए सोडला निवासी युवा मनीष ने पहल की है और लगातार 15वीं बार वे जयपुर से खाटू श्याम बाबा के नि:शुल्क बस लेकर जा रहे हैं। इस दौरान 11 जून को श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से शाम 5 बजे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ सभी भक्तों को लेकर बस रवाना होगी। मनीष ने बताया कि खाटू पहुंचने के बाद सभी भक्तों के लिए नि:शुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की जाएगी।

## City इवेंट्स

### आज के कवियों के पास नही शैली



**बेधड़क. जयपुर।** वर्तमान में अभिधा की कविताएं अधिक लिखी जा रही हैं और कविता में व्यंजना का अभाव दिखाई दे रहा है। आज की कविता कमजोर होती जा रही है। आज कवि बड़ी जल्दबाजी में हैं, जैसे उन्हें आज ही खुद को बड़ा कवि मनवाने की जिद हो। इसी कारण कविता अभिधा से बाहर नहीं जा पा रही है। यह कहना था वरिष्ठ कवि विष्णु नागर का, जो प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा आयोजित शमशेर सम्मान व कवि गोविंद माथुर के नए काव्य संग्रह 'अनलिखे पोस्टकार्ड' के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि लीलाधर मंडलोई ने कहा कविता में कला और कला में कविता होती है। कविता की अपनी संस्कृति होती है। वरिष्ठ साहित्यकार सूरज पालीवाल ने कहा कविता केवल प्रतिरोध से बड़ी नहीं बनती, बल्कि कविता में दैनिक जीवन के प्रसंग और प्रेम के कोमल रंग उसे बड़ा बनाते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा, कि गोविंद माथुर स्मृति के अच्छे चितेरे हैं। गोविंद माथुर को अनवरत संस्था द्वारा शमशेर सम्मान से सम्मानित किया गया।

### निशुल्क शिक्षा के फैसले का स्वागत

**बेधड़क. जयपुर।** संयुक्त अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के फैसले का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि वंचित वर्ग से ही सही राजस्थान सरकार ने केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा का फैसला लेकर सहारनीय कदम उठाया, क्योंकि हमारी मांग थी सभी वर्गों को निशुल्क शिक्षा दी जाए। राजस्थान सरकार ने बजट सत्र के दौरान घोषित मुख्यमंत्री किसान शिक्षा प्रोत्साहन योजना लागू करने की घोषणा की थी, जिसके तहत वंचित वर्ग के बच्चों को केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई थी, जिस पर राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फैसला लेते हुए योजना को 1 जुलाई से लागू करने की घोषणा की है।

### पोक्किरी 21 को होगी री रिलीज




**बेधड़क. जयपुर।** सुपरस्टार विजय थेलापति के जन्मदिन पर 21 जून को उनकी सुपरहिट तमिल फिल्म पोक्किरी एक बार फिर से थिएटर्स में रिलीज की जा रही है। रविवार शाम 5 बजे इसका फर्स्टलुक पोस्टर रिलीज किया गया। 12 जनवरी 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म दर्शकों और क्रिटक्स द्वारा खूब सराही गई थी। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने करीब 75 करोड़ रुपए का कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस मूवी को प्रभु देवा ने डाइरेक्ट किया है और इसके प्रोड्यूसर हैं एस रमेश बाबू हैं। यह मूवी 2006 में आई इसी नाम की तेलुगु मूवी की रिमेक थी।

### रवीन्द्र मंच पर दो दिवसीय कला शिविर की शुरुआत

## 26 से अधिक कलाकार मन की सोच उतार रहे पेंटिंग में



**बेधड़क | जयपुर**

रवीन्द्र मंच और कलावृत्त संस्था की ओर से दो दिवसीय कला शिविर की शुरुआत की गई और परिसर में स्थापित गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की मूर्ति की स्थापना के 42 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम हुए। 26 से अधिक कलाकार शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सभी प्रतिमा का वैभव और रवीन्द्र मंच की सुंदरता को हैंडमेड पेपर पर उतारने का प्रयास किया जाएगा। पहले दिन कलाकारों ने आंखों में अलग-अलग नजारों को कैद करने के बाद उन्हें हैंडमेड पर साकार किया। इस दौरान वरिष्ठ कलाकार समदर सिंह खंगारोत 'सागर', आर. बी. गौतम, भवानी शंकर शर्मा, थिएटर स्कॉलर चंद्रदीप हाड़ा व भाजपा सांस्कृतिक व पर्यटन प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक शालिनी शर्मा, मूर्तिकार महावीर भारती, निर्मला कुलहरी, प्रदेश संयोजक भाजपा सांस्कृतिक व पर्यटन प्रकोष्ठ ललित कला अकादमी के सचिव रजनीश हर्ष व अन्य कलाकार मौजूद रहे। कैंप में वीरेन्द्र बन्नू, सोहन जाखड़, डॉ. जगदीश प्रसाद मीणा, संत कुमार, मुकेश कुमावत, सावित्री शर्मा, विनीता शर्मा, रश्मि राजावत, रोहिता शर्मा, संगीता खींची, हेमल कांकरवाल, कोमल जांगिड़, पूजा भार्गव, बृजराज राजावत, गौरी शंकर शर्मा, मुकेश कुमार, प्रियंका बावेजा, मीना जैन, विजय नागा, धर्मेन्द्र शर्मा, ज्योति जैन, आयुष जाट, रेखा अग्रवाल, पूजा भारद्वाज, शीला पुरोहित, विनीता सिंह आदि कलाकार हिस्सा ले रहे हैं।

### झोटवाड़ा रोड पुलिस चौकी के पास लगाई छबील

## गुरु अरजन देवजी के शहीदी दिवस पर पिलाया शरबत



**बेधड़क | जयपुर**

सिख धर्म के प्रथम शहीद और पांचवे गुरु अरजन देवजी के शहीदी दिवस पर सुखमनी सेवा सोसायटी बनीपार्क की ओर से झोटवाड़ा रोड पुलिस चौकी के पास छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आने-जाने वाले सभी लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। गौरतलब है कि गुरु अरजन देवजी के शहीदी दिवस पर छबील का विशेष महत्व है। भीषण गर्मी के बीच गुरु अरजन देवजी को गरम तवे पर बैठा कर यातनाएं दी गई थीं। उनके शहीदी दिवस पर आमजन को गर्मी में ठंडक पहुंचाने के लिए छबील का आयोजन किया जाता है। गुरु अरजन देवजी के शहीदी दिवस को समर्पित सुखमनी सेवा सोसायटी के पाठ ग्रुप 'अपणी मेहर कर' के सदस्यों ने 40 दिन लड़ीवार गुरुजी की बाणी 'सुखमनी साहिब' का पाठ किया। शुरुआत 1 मई को की गई थी। सभी 2501 सुखमनी साहिब पाठ किए। लड़ीवार सुखमनी साहिब पाठ का समापन रविवार को हुआ। इस दिन सभी सदस्यों ने अपने घर पर काले चने और ठंडे मीठे शर्बत का प्रसाद बनाया। उल्लेखनीय है कि गुरुग्रंथ साहिब में सर्वाधिक बाणी गुरु अरजन देवजी की है। गुरुजी ने सबको हर कठिनाई के समय विनम्र रहने और परमेश्वर की रजा में खुश रहने का संदेश दिया जो आज के समय में पूरी मानव जाति के लिए प्रेम पूर्वक रहना अति आवश्यक है।

**अनूठा प्रयास** सीए रोहित कटारिया और डॉ. आकांक्षा ने तैयार की गानों की विशेष श्रृंखला

## आवाज बनकर गूंजेगी राग-रागिनियों पर की गई रिसर्च

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न राग-रागिनियों पर शोध किया जा रहा है और अब ये शोध सिंगिंग प्रोग्राम के जरिए जयपुराइट्स के सामने होगा। जी हां ये अनूठा प्रयास और कार्यक्रम सीए-सीएस जैसी कठिन शिक्षा लेने के बाद इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के बजाए संगीत को कॅरियर बनाने वाले सिंगर रोहित कटारिया व उनकी संगीतज्ञ पत्नी डॉ. आकांक्षा कटारिया दवे करेंगे। दोनों पिछले कई वर्षों से भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न राग-रागिनियों पर शोध कर संगीत रचनाएं तैयार कर रहे हैं। अपनी इसी शोध को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रोहित और आकांक्षा ने हाल ही में 15 राग-रागिनियों पर आधारित 25 फिल्मी गीतों का गुलदस्ता तैयार किया है।

खास बात यह है कि ये सभी गीत संगीतकार मदन मोहन की रचनाएं हैं। रोहित बताते हैं कि फिल्म संगीतकार होने के बावजूद मदन मोहन का भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति गहरा लगाव था। उनके अधिकतर गीत विभिन्न राग-रागिनियों पर आधारित होते थे।



### 23 को 'रागाज ऑफ मदन मोहन'

रोहित ने बताया कि यह वर्ष मदन मोहन की 100वीं जयंती का है। इस उपलक्ष्य में वे और आकांक्षा 23 जून को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम 5:30 बजे से उनके ऐसे गीतों का कार्यक्रम 'रागाज ऑफ मदन मोहन' आयोजित करेंगे। उन जिन गीतों में राग-रागिनियों का अंग प्रबल रूप से उभर कर आएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को तैयार करने में पिता और गुरू चंद्र कटारिया का सहयोग रहा है। वे कार्यक्रम में लाइव बैंड का निर्देशन करेंगे।

### 25 गीतों का गुलदस्ता किया जाएगा प्रस्तुत

रोहित कटारिया म्यूजिक एकेडमी व कटारियाज एंटरटेनमेंट ग्रुप की ओर से संचालित कार्यक्रम में 15 राग-रागिनियों पर आधारित 25 गीतों का गुलदस्ता प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में एकल और युगल गीतों पर के अलावा एक ही राग पर आधारित विभिन्न गीतों का मेडले सुनने को मिलेगा। गीतों में मदन के प्रिय राग चरुकेशी, दरबारी, यमन, किरवानी, भैरवी आदि का सौंदर्य तत्व गानों के जरिए दिखाया जाएगा।

नकारात्मक लोगों से दूर रहें, उनके पास हर समाधान के लिए एक समस्या है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## व्हाइट हाउस का घेराव कर अमेरिकी राष्ट्रपति के विरोध में लगाए नारे

# बाइडेन के विरोध में उतरे 30 हजार फिलिस्तीनी




**एजेंसी** | वाशिंगटन

गाजा में इजराइल के हमलों के बीच अमेरिका में राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास व्हाइट हाउस के बाहर 30 हजार फिलिस्तीन समर्थकों ने प्रदर्शन किया। लोग सिर पर हमास का पट्टा बांधकर फिलिस्तीन का झंडा लहराते नजर आए। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे एक शख्स के हाथ में राष्ट्रपति बाइडेन का मुखौटा भी था, जो खून से सना हुआ था। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के इजराइल को सपोर्ट करने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन की निंदा की है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने अमेरिका के झंडे में आग भी लगाई। लोगों के हाथ में कई बैनर और पोस्टर भी थे।

इसमें बाइडेन पर इतिहास के गलत पक्ष में होने का आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों ने आजाद फिलिस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि गाजा पर बमबारी में जितने बच्चों की जान गई है, उनकी चीख आपको हमेशा डराती रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल पार्क के सर्विस रेंजर्स पर सामान भी फेंके। इसके अलावा वहां लगे स्टेच्यू को भी खंडित किया। उन्होंने इजराइल के लिए अमेरिका के समर्थन को खत्म करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए व्हाइट के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई।



### व्हाइट हाउस में फेंका गया स्मोक बम

एक्स पर एक और वीडियो जारी हुआ जिसमें प्रदर्शनकारियो ने स्मोक बम को जलाकर व्हाइट हाउस के लॉन में फेंकते हुए देखा गया। वहीं एक पोस्ट में व्हाइट हाउस के बाहर एंड्रयू जैक्सन के स्टेच्यू को फ्री गाजा और इजराइल उत्पादों का बहिष्कार करें जैसी बातें लिख कर तोड़ते हुए देखा गया, जिस वक्त इजराइल हमास के बीच जंग की शुरुआत हुई थी, तभी व्हाइट हाउस को बाहर से सुरक्षा के लिए घेर दिया गया था, क्योंकि इस तरह के विरोध प्रदर्शन होने की उम्मीद की गई थी, हालांकि व्हाइट हाउस के बाहर पहले से ही एक फेंस को बनाया गया था।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने चीन में उठाया कश्मीर का मुद्दा

# पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ उगला जहर


**एजेंसी** | बीजिंग

चीन और पाकिस्तान ने दक्षिण एशिया में कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसी भी 'एकतरफा कार्रवाई' का विरोध किया। चीन की यात्रा पर पहुंचे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर की स्थिति से चीनी नेतृत्व को अवगत कराया। दोनों देशों ने अपनी सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा की।

शरीफ की चार दिवसीय चीन यात्रा में थे, मार्च में शुरू हुए उनके दूसरे कार्यकाल के बाद उनकी पहली यात्रा थी।

इस यात्रा के दौरान शरीफ का ध्यान चीनी निवेश और सहायता को बढ़ाने पर था, क्योंकि उनका देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। यात्रा के अंत में जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि दोनों पक्ष दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व, सभी लंबित विवादों के समाधान की आवश्यकता तथा किसी भी एक तरफा कार्रवाई के विरोध को रेखांकित करते हैं। इस दौरान पाकिस्तानी पक्ष ने चीनी पक्ष को जम्मू कश्मीर की स्थिति के नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत कराया।

चीनी पक्ष ने दोहराया कि जम्मू कश्मीर विवाद इतिहास से उपजा है और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार उचित और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। भारत पहले भी चीन और पाकिस्तान के ऐसे संयुक्त बयानों को खारिज करता रहा है।



### जिनपिंग के साथ हुई मीटिंग

शहबाज शरीफ ने चीन यात्रा के दौरान अपने चीनी समकक्ष ली चियांग से मुलाकात की, जिसमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। वे आगे सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। इसके अलावा उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की। शहबाज शरीफ और जिनपिंग ने बैठक में चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी CPEC के तहत हाई क्वालिटी डेवलपमेंट और पहले से चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर सहमति जताई। जिनपिंग के साथ मीटिंग में CPEC के विस्तार और पाकिस्तान में मौजूद चीनी इंजीनियरों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया। दोनों देश आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए।

### क्या है CPEC

चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें पाकिस्तान के ग्वादर से चीन के काशगर तक 50 बिलियन डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपए) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। CPEC के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है।

## पेट काटा तो मिला शव


# महिला को जिंदा निगल गया अजगर

**एजेंसी** | जकार्ता

इंडोनेशिया में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां की एक महिला को अजगर ने निगल लिया। महिला का शव अजगर के पेट के अंदर पाया गया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के कलेमपांग गांव की 45 वर्षीय महिला को उसके पति और दूसरे ग्रामीणों ने अजगर के पेट के अंदर पाया था।

गांव के मुखिया सुआर्डी रोसी ने बताया कि चार बच्चों की मां फरीदा लापता हो गई थी और घर नहीं लौटी, जिसके बाद गांव के लोगों ने उसकी तलाशी के लिए अभियान चलाया।

तलाशी के दौरान महिला के पति को उसका कुछ सामान मिला जिसके चलते उसे अनहोनी का शक हुआ। ग्रामीणों ने इलाके की खोजबीन शुरू की तो एक अजगर दिखाई दिया, जिसका पेट बहुत अधिक फूला हुआ था। सुआर्डी के कहने के बाद ग्रामीण अजगर का पेट काटने के लिए सहमत हो गई। जैसे ही उन्होंने पेट काटना शुरू किया उन्हें सबसे पहले फरीदा का सिर दिखाई थी। इसके बाद अजगर के पेट के अंदर फरीदा पूरी तरह कपड़ों में पाई गई।





### इंडोनेशिया में अजगर के हमले की घटनाएं बढ़ीं

अजगर द्वारा इंसानों को निगले जाने की घटनाएं बहुत दुर्लभ मानी जाती हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इंडोनेशिया में कई लोगों की मौत इस तरह से हुई है। पिछले साल दक्षिणपूर्व सुलावेसी के तिनंगगिया जिले के निवासियों ने आठ मीटर के अजगर को मार डाला था, जब उसने गांव में एक किसान को मारकर निगल लिया था। साल 2018 में दक्षिणपूर्व सुलावेसी के मुना शहर में एक 54 वर्षीय महिला को अजगर ने अपना शिकार बना लिया था। महिला का शव सात मीटर लंबे अजगर के पेट के अंदर पाया गया था।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा...

# इमरान से बदला लेने का इरादा नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और मुस्लिम लीग के प्रमुख नवाज शरीफ ने इमरान खान को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उनका किसी से बदला लेने का कोई इरादा नहीं है।

साथ ही उन्होंने उन लोगों का भी जिक्र किया जिन्होंने उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को विफल करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे लोगों से कोई शिकायत नहीं है। पीएमएल-एन नेता ने कथित गलत कामों और राजनीतिक उत्पीड़न का हवाला देते हुए जेल में बंद पीटीआई नेता इमरान खान की आलोचना की। नवाज ने कहा कि इमरान ने एक बार मुझे सड़कों पर घसीटने की कसम खाई थी, फिर भी मैंने उनकी जेल की कोठरी से एयर कंडीशनिंग हटाने का अनुरोध नहीं किया।

पार्टी के भीतर अपना पद वापस पाने के बाद नवाज शरीफ ने दूसरे संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को कम करने में उनके रोल के लिए प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ के प्रयासों की सराहना की।

### पीएमएल-एन को जिम्मेदार ठहराया

नवाज शरीफ ने देश की उपलब्धियों के लिए पूरी तरह से पीएमएल-एन को श्रेय दिया है। इसके बाद उन्होंने कहा, 'देश को यह समझना चाहिए कि किसने देश को गुमराह किया है और किसने इसे प्रगति की ओर अग्रसर किया है।' वहीं लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, उन्होंने लोकतंत्र के चार्टर का संदर्भ दिया, जिस समझौते पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के साथ हस्ताक्षर किए थे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl